सुविचार

बड़ो का आशीर्वाद और दुआ हमेशा कवच का काम करती हैं

# दैनिक संयुक्त लहर

RNI No. MPHIN/2023/90392

हिन्दी समाचार पत्र



वर्ष : 03, अंक 244 | dainiksanyuktlaher@gmail.com | इंदौर, रविवार, दिनांक 24 मई 2026 | #DSL.indore | पृष्ठ : 8 मूल्य : रु.3


ऑनलाइन अख़बार और ख़बरों के लिये बारकोड स्कैन करे

# समर्थन मूल्य पर देश में सबसे अधिक 13.10 लाख किसानों से हुआ गेहूं का उपार्जन

### अब तक 100 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं का उपार्जन हुआ, अभी भी जारी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अब तक 13 लाख 10 हजार किसानों से गेहूं का उपार्जन कर देश में नंबर-1 स्थान पर है। इस तरह से मध्यप्रदेश समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के मामले में सर्वाधिक किसानों को लाभांवित करने वाला राज्य है। यही नहीं अब तक लगभग 100 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन कर मध्यप्रदेश पंजाब के बाद दूसरे स्थान पर है। गेहूं का उपार्जन अभी भी जारी है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने यह जानकारी देते हुए बताया है कि प्रदेश सरकार किसानों के हित में सतत कार्य



कर रही है। उन्होंने बताया कि कोविड-19 की अवधि को छोड़कर विगत 10 वर्षों में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर गेहूं का सर्वाधिक उपार्जन किया गया है।

**मुख्यमंत्री कर रहे सतत मॉनिटरिंग**

मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से 78 लाख मीट्रिक टन गेहूँ के उपार्जन लक्ष्य को केन्द्र सरकार द्वारा 100 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा प्रदेश में हो रहे गेहूँ उपार्जन की सतत मॉनीटरिंग की जा रही है। उन्होंने स्वयं खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर तौल व्यवस्था, बारदाने की उपलब्धता और खरीदी केन्द्रों पर किसानों के लिये उपलब्ध जरूरी सुविधाओं का आकस्मिक निरीक्षण भी किया। साथ ही किसानों से संवाद कर उपार्जित गेहूँ के भुगतान आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने किसानों के हित में जिन किसानों ने स्लाट बुक करा लिये हैं, उनके गेहूं उपार्जन की अवधि 23 मई से बढ़ाकर 28 मई तक कर दी है।

**किसानों को 20,680 करोड़ से अधिक का भुगतान**

किसानों को अब तक उपार्जित गेहूं का 20,680.83 करोड़ रूपये का भुगतान भी किया जा चुका है। प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर तौल काटों की संख्या 4 से बढ़ाकर 6 की गई तथा तौल काटों में वृद्धि का अधिकार जिलों को दिया गया। किसानों की सुविधा के लिये तौल पर्ची बनाने का समय शाम 6 बजे से बढ़ाकर रात 10 बजे तक किया गया। देयक जारी करने का समय भी रात 12 बजे तक कर दिया गया है। गेहूं का उपार्जन सप्ताह में 6 दिन तक किया जा रहा है। उपार्जन केन्द्र पर किसानों की सुविधा के लिये पीने का पानी, बैठने के छायांदार स्थान और जन-सुविधाओं की व्यवस्थाएं की गई हैं। किसानों से 2585 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा 40 रूपये प्रति क्विंटल बोनस सहित 2625 रूपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं का उपार्जन किया जा रहा है। समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं के भंडारण की भी समुचित व्यवस्था की गई है। किसानों को उपज की तौल समय पर हो सके, इसके लिये उपार्जन केन्द्रों में बारदाने, तौल काटें, हम्माल तुलावटी, सिलाई मशीन, कम्प्यूटर, गुणवत्ता परीक्षण उपकरण और उपज की साफ-सफाई के लिये पंखा एवं छन्ना आदि की समुचित व्यवस्थाएं की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### तमिलनाडु में 10 साल की बच्ची की किडनैपिंग के बाद हत्या, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के कोयंबटूर जिले के सूलूर में 10 साल की बच्ची की अपहरण के बाद हत्या कर दी गई। घटना के बाद पूरे राज्य में शोक और गुस्से का माहौल है। मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने मामले को भयावह बताते हुए जांच के आदेश दिए हैं। ष्टरू विजय ने ङ्ग पर पोस्ट कर कहा, 'मैंने पुलिस को मामले की विस्तृत और त्वरित जांच कर जल्द चार्जशीट दाखिल करने के निर्देश दिए हैं।

### नासिक टिएमसी मामले में पुलिस ने 1500 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की

**नई दिल्ली।** नासिक टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 1500 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। मामला छेड़छाड़, यौन उत्पीड़न और कथित धर्म परिवर्तन के प्रयास से जुड़ा है। पुलिस के मुताबिक, इस मामले में अब तक 9 स्नढ्ढक्रदर्ज की गई हैं और जांच के लिए स्ढ्ढञ्ज का गठन किया गया है। इसमें दानिश एजाज शेख, तौसिफ बिलाल अटार, निदा एजाज खान और मतीन माजिद पटेल को आरोपी बनाया गया है। मामले में 17 गवाहों के बयान, मेडिकल रिपोर्ट, व्हाट्सऐप चैट, मोबाइल डेटा और ईमेल रिकॉर्ड को सबूत के तौर पर शामिल किया गया है। इसके अलावा नाम बदलने की कथित कोशिश से जुड़े दस्तावेज, बैंक रिकॉर्ड, जाति प्रमाणपत्र और पहचान परेड से जुड़े रिकॉर्ड भी जब्त किए गए हैं।

### संसद सुरक्षा चूक मामले में दिल्ली पुलिस ने 13 हजार पन्नों की चार्जशीट दाखिल की

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने संसद सुरक्षा चूक मामले में चौथी सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। यह मामला 13 दिसंबर 2023 को संसद में हुई सुरक्षा चूक से जुड़ा है। करीब 13 हजार पन्नों की इस चार्जशीट में आतंकवादी गतिविधि, आपराधिक साजिश, दंगा भड़काने और सबूत मिटाने जैसी धाराएं लगाई गई हैं। आरोपियों पर ्क्क के तहत भी कार्रवाई की गई है।

### असम में 10 हजार याबा टैबलेट और हेरोइन जब्त, 2 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** असम पुलिस ने कछार जिले से 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 21 ग्राम हेरोइन और 10 हजार याबा टैबलेट मिले हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी शनिवार को दी। पुलिस ने शुक्रवार को बराक नदी में एक नाव से यह बरामदगी और गिरफ्तारी की है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। याबा टैबलेट भारत में प्रतिबंधित हैं, क्योंकि इनमें मेथामफेटामाइन नामक नशीला पदार्थ पाया जाता है।

### 19वें रोजगार मेले में 51000 युवाओं को जॉब लेटर मिले

## प्रधानमंत्री बोले- अब आप देश की विकास यात्रा में शामिल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 51 हजार से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी के लिए अपॉइंटमेंट लेटर दिए। इसमें चुने गए युवाओं को रेलवे, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य विभाग, वित्तीय सेवा और उच्च शिक्षा समेत कई सरकारी विभागों में नौकरी मिली। देश के 47 शहरों में हुए 19वें रोजगार मेले में मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए। उन्होंने युवाओं से बातचीत भी करेंगे। इससे पहले देशभर में 18 रोजगार मेले हो चुके हैं, जिनमें करीब 12 लाख युवाओं को अपॉइंटमेंट लेटर दिए जा चुके हैं। पीएम मोदी बोले- 5 देशों की इस यात्रा के दौरान मैंने कई देशों की बड़ी कंपनियों के नेताओं के साथ बातचीत की। हमारी विस्तृत चर्चाएं और बैठकें हुईं। हर जगह, मैंने लगातार एक बात महसूस की, दुनिया भारत के युवाओं और भारत की तकनीकी प्रगति को लेकर बेहद उत्साहित है। मोदी बोले- हमें यह याद रखना



चाहिए कि ये वे क्षेत्र हैं जिनमें आने वाले निवेश और साझेदारियां अगले चार दशकों तक वैश्विक विकास को आकार देंगे। इसमें भारत के युवा बहुत बड़ी भूमिका निभाएंगे। इसे पहले, मोदी ने पर पोस्ट में लिखा- सरकार युवाओं के बेहतर भविष्य और उन्हें मजबूत बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले से युवाओं को सरकारी नौकरी पाने का मौका मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने 22 अक्टूबर 2022 को रोजगार मेले का पहला फेज शुरू किया था। तब ने कहा था- हमारा लक्ष्य देश के युवाओं को 2023 के आखिर तक 10 लाख सरकारी नौकरियां देना था। लोकसभा चुनाव से पहले 12 फरवरी 2024 को 12वां रोजगार मेला आयोजित हुआ था, जिसमें सबसे ज्यादा 1 लाख जॉब लेटर बांटे गए थे। 11 लाख का आंकड़ा 2025 में पूरा हुआ था।


### कोलकाता में ममता की डिजाइन की गई मूर्ति तोड़ी

**कोलकाता।** कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में शनिवार को पूर्व सीएम ममता बनर्जी की डिजाइन की एक मूर्ति को गिरा दिया गया। इस मूर्ति में खिलाड़ी के 2 पैर और उसकी कमर के ऊपर एक फुटबॉल बनी हुई थी। इसे साल 2017 में फीफा अंडर-17 वर्ल्ड कप से पहले लगाया गया था। इस पर पिछली टीएमसी सरकार का 'विश्व बांग्ला' लोगो भी लगा हुआ था। शुरुआत से ही यह विवादों में रही। कई लोग और फुटबॉल फैंस इसके अजीबोगरीब डिजाइन को बेहद खराब और भद्दा बताते थे। सीएम शुभेंदु अधिकारी ने शपथ ग्रहण के अगले दिन कहा था कि हम इस मूर्ति को गिरा देंगे। पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री निसिथ प्रमाणिक ने 17 मई को कहा था कि इस बदसूरत और बेमतलब के ढांचे का इस स्टेडियम की खूबसूरती से कोई मेल नहीं है। शनिवार सुबह जब लोग स्टेडियम के वीवीआईपी गेट के पास पहुंचे, तो मूर्ति का टूटा हुआ हिस्सा जमीन पर गिरा था। को 600 एकड़ जमीन 45 दिनों के भीतर दी जाएगी, जिससे सीमा से जुड़ा पुराना विवाद खत्म होगा।

## रक्षा उत्पादन में निजी कंपनियों की हिस्सेदारी 50प्रतिशत करेंगे

### राजनाथ बोले- भारत 25-30 साल में दुनिया सबसे बड़ा हथियार निर्यातक बनेगा


**अहिल्यानगर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को महाराष्ट्र के शिरडी में कहा कि अगले 25-30 साल में भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार निर्यातक बन सकता है। उन्होंने कहा कि जो देश कभी हथियार खरीदता था, उसे अब दुनिया का सबसे बड़ा हथियार बेचने वाला देश बनने से कोई ताकत नहीं रोक सकती। राजनाथ सिंह शिरडी में एक गोला-बारूद बनाने वाली फैक्ट्री के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि सरकार रक्षा उत्पादन में निजी कंपनियों की हिस्सेदारी 50 तक बढ़ाना चाहती है। उन्होंने कहा कि निजी कंपनियां अब सिर्फ छोटे-छोटे पुर्जे नहीं बना रहीं, बल्कि आधुनिक हथियार और रक्षा सिस्टम भी तैयार कर रही हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि जब सरकार की सोच और निजी क्षेत्र की नई तकनीक साथ आती है, तो देश तेजी से आगे बढ़ता है। उन्होंने सभी से मिलकर भारत को गोला-बारूद और ऑटोमेशन का बड़ा



केंद्र बनाने की अपील की। महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले में स्थित शिर्डी साईं मंदिर से करीब 12 किलोमीटर दूर राज्य कृषि विकास निगम की बंजर जमीन पर तेजी से 'शिर्डी डिफेंस कॉम्प्लेक्स' आकार ले रहा है। यहां सड़कों का काम पूरा हो चुका है। बड़े-बड़े डोम खड़े हैं और इंडियन आर्मी, नेवी, एयरफोर्स से जुड़ी सरकारी-निजी कंपनियों के 100 से ज्यादा प्रदर्शनी स्टॉल लगाए जा रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में शनिवार को इस डिफेंस क्लस्टर का उद्घाटन हुआ। डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी 'ग्लोब फोर्ज' ने इस कॉम्प्लेक्स के लिए 3 हजार करोड़ रुपए निवेश की बात कही है। कॉम्प्लेक्स 200 एकड़ में फैला है। यहां आधा-आधा किलोमीटर के 6 बड़े डोम तैयार हैं। कंपनी के मुताबिक सालाना 5 लाख तोप के गोले बनाने के लिए 2 असेंबली लाइनें लगाई जा रही हैं।

## अमरनाथ से बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर आई : पवित्र गुफा में 6-7 फीट का शिवलिंग बना

**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा शुरू होने से पहले शनिवार को बाबा बर्फानी की पहली तस्वीरें सामने आ गई हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि 6 से 7 फीट का शिवलिंग अपना आकार ले चुका है। इस दौरान सुरक्षा के लिए तैनात जवानों ने सबसे पहले शिवलिंग के दर्शन भी किए। अमरनाथ यात्रा इस साल 3 जुलाई 2026 से शुरू होकर 9 अगस्त 2026 तक चलेगी। अमरनाथ गुफा हिमालय की पीर पंजाल माउंट रेंज में अमरनाथ पर्वत पर स्थित है। यहां टेम्परेचर माइनस में है। 12 फीट तक बर्फबारी हो रही है इन दिनों रास्ते में सामान्य जगहों पर 6 से 8 फीट और हिमस्खलन वाले इलाकों में 10 से 12 फीट तक बर्फ जमी है। बालटाल मार्ग पर 9 किमी और नुनवान-पहलगाम मार्ग पर 8 किमी ट्रैक से बर्फ हटाई जा चुकी है। ट्रैक को 12 फीट चौड़ा करने, सतह सुधारने, रिटेनिंग वॉल और कल्वर्ट बनाने का काम भी चल रहा है। इस बार बेस कैंप में टेंट की जगह प्री-फैब्रिकेटेड और फाइबर स्ट्रक्चर बनाए जा रहे हैं। इससे श्रद्धालुओं को आरामदायक और आधुनिक आवास जैसी सुविधा मिल सकेगी। इस साल सभी संवेदनशील हिस्सों और आपदा की आशंका वाले स्थानों को तीर्थयात्रियों के लिए 'नो-एंट्री जोन' घोषित किया गया है। बालटाल और नुनवान रास्तों के दोनों ट्रैक को चौड़ा किया गया है।



## तेलंगाना में हीटवेव से 16 मौतें

**नई दिल्ली/ भोपाल/ जयपुर/ लखनऊ।** देश का अधिकांश हिस्सा तेज गर्मी और लू की चपेट में है। तेलंगाना में अब तक गर्मी और हीटवेव की वजह से 16 मौतें हो चुकी हैं। राज्य के राजस्व मंत्री श्रीनिवास रेड्डी ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत उत्तर, पश्चिम और मध्य भारत के 11 राज्यों में तापमान 40डिग्री से 47डिग्री के बीच रहा। इन 11 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। सबसे ज्यादा तापमान यूपी के बांदा में 47डिग्री और एमपी के नौगांव में 46.8डिग्री रहा। अगले 2 दिन तक गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं। प्राइवेट एजेंसी के मुताबिक शुक्रवार को दुनिया के 50 सबसे गर्म शहरों की लिस्ट में सभी शहर भारत के रहे। उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, हरियाणा के कई शहर दोपहर से पहले ही 42 से 44डिग्री तक पहुंच गए। अकेले उत्तर प्रदेश के 22 शहर



गर्म शहरों की लिस्ट में थे। सुबह 10:50 बजे ओडिशा का बलांगीर 45डिग्री के साथ सबसे गर्म शहर रहा। दोपहर होते-होते विदर्भ के ब्रह्मपुरी में देश का सबसे ज्यादा 47.2डिग्री तापमान रहा। दोपहर 3 बजे दुनिया के 22 सबसे गर्म शहरों में पारा 47डिग्री से ज्यादा था। ये सभी शहर भारत के थे। देश के कई हिस्सों में तापमान 45डिग्री पार पहुंच गया है। इस दौरान मोबाइल, लैपटॉप या पावर बैंक जल्दी गर्म होते हैं। इससे बैटरी डैमेज, लो परफॉर्मेंस या अचानक डिवाइस बंद होने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। आज 'जरूरत की खबर' में जानेंगे कि हाई टेम्परेचर का गैजेट्स पर क्या प्रभाव पड़ता है और इन्हें ओवरहीटिंग से कैसे बचाएंबिहार के अररिया, जहानाबाद, नालंदा और सुपौल में शुक्रवार को बारिश हुई। यहां बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई। जम्मू-कश्मीर के जोजिला और उत्तराखंड के चमोली-पिथौरागढ़ में बर्फबारी हुई।

## दिल्ली जिमखाना क्लब 5 जून तक खाली करने का ऑर्डर : केंद्र ने 27.3 एकड़ जमीन वापस मांगी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने लुटियंस दिल्ली स्थित ऐतिहासिक दिल्ली जिमखाना क्लब को 5 जून तक कैंपस खाली करने का ऑर्डर दिया है। केंद्र के लैंड एंड डेवलपमेंट ऑफिस ने 22 मई को क्लब सेक्रेटरी को लेटर भेजकर यह आदेश जारी किया। इसमें कहा गया है कि सरकार को क्लब के कब्जे वाली 27.3 एकड़ जमीन डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, संस्थागत जरूरतों और दूसरे प्रोजेक्ट्स के लिए चाहिए। आदेश के मुताबिक राष्ट्रपति की ओर से जमीन लीज खत्म कर दी गई है। क्लब के सदस्य सिद्धार्थ ने कहा कि सरकार के आदेश को अदालत में चुनौती दी जाएगी। उन्होंने कहा कि क्लब से किसी सुरक्षा खतरे जैसी स्थिति नहीं है और आदेश में किए गए दावों पर पुनर्विचार होना चाहिए। दिल्ली जिमखाना क्लब की स्थापना ब्रिटिश काल में हुई थी। 1913 में यह इम्पीरियल दिल्ली जिमखाना क्लब नाम से शुरू हुआ था। आजादी के बाद इसका नाम बदलकर दिल्ली जिमखाना क्लब कर दिया गया। मौजूदा भवन 1930 के दशक में बनाए गए थे। यह क्लब की मेन बिल्डिंग है। यहीं से अंदर जाने का मेन गेट भी है। दिल्ली जिमखाना क्लब को मशहूर ब्रिटिश आर्किटेक्ट रॉबर्ट टोर रसेल ने डिजाइन किया था। उन्होंने ही कनॉट प्लेस और तीन मूर्ति भवन भी डिजाइन किए थे। यह क्लब प्रधानमंत्री आवास लोक कल्याण मार्ग के पास है, जिसके कारण यह इलाका हाई-सिक्योरिटी जोन माना जाता है। पिछले 112 सालों से यह क्लब हाई-सोसायटी स्टेटस का प्रतीक रहा है। क्लब में 26 ग्रास टेनिस कोर्ट हैं, जो देश के किसी भी क्लब में सबसे ज्यादा बताए जाते हैं। इसके अलावा स्क्वैश कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, बिलियर्ड्स रूम, स्विमिंग पूल, तीन लाउंज बार और 43 कॉटेज भी हैं।

# केन्द्रीय विद्युत सचिव पंकज अग्रवाल ने किया संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर का दौरा

## उत्पादन प्रदर्शन, कोयला गुणवत्ता प्रबंधन एवं पर्यावरणीय व्यवस्थाओं की सराहना, कोयला गुणवत्ता के समाधान का आश्वासन

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इन्दौर।** भारत सरकार के विद्युत सचिव श्री पंकज अग्रवाल ने संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर के एक दिवसीय दौरे में विद्युत गृह की विद्युत उत्पादन क्षमता, संचालन दक्षता व कोयला लोडिंग, सैंपलिंग एवं परीक्षण प्रक्रियाओं का विस्तृत अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने संजय गांधी ताप विद्युत गृह की उत्पादन उपलब्धियों एवं परिचालन प्रणाली की सराहना करते हुए इसे विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यप्रणाली का उदाहरण बताया। इस दौरान श्री पंकज अग्रवाल ने मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह व वरिष्ठ अभयिंताओं के साथ समीक्षा बैठक कर विद्युत उत्पादन से संबंधित विभिन्न तकनीकी एवं परिचालन पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने संयंत्र में कोयले की गुणवत्ता, आपूर्ति प्रक्रिया तथा परीक्षण तंत्र को विस्तार से समझा एवं अभयिंताओं से इस संबंध में व्यावहारिक अनुभव और चुनौतियों की जानकारी प्राप्त की। समीक्षा बैठक में मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक श्री मनजीत सिंह ने विद्युत सचिव श्री पंकज अग्रवाल को कोयले की लोडिंग, अनलोडिंग, सैंपलिंग एवं परीक्षण की संपूर्ण प्रक्रिया का विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया। कोल वॉशरी



संचालन एवं उसके निस्तारण तंत्र की जानकारी साझा की गई। बैठक के दौरान प्रबंध संचालक ने विद्युत उत्पादन संयंत्रों के समक्ष कोयले की गुणवत्ता एवं ग्रेड निर्धारण से जुड़ी चुनौतियों को प्रमुख विषय के रूप में प्रस्तुत किया तथा इस दिशा में बेहतर समाधान की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कोयले की गुणवत्ता एवं ग्रेड विभेद से संबंधित चुनौतियों को गंभीरता से सुनकर उन्होंने इस दिशा में सकारात्मक एवं व्यावहारिक समाधान सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कंपनी द्वारा अपनाई गई फ्लाई ऐश प्रबंधन एवं निस्तारण व्यवस्था की भी विशेष सराहना की तथा विशेष रूप से श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह में विकसित प्रणाली को इस क्षेत्र में एक अनुकरणीय मॉडल बताया। केन्द्रीय विद्युत सचिव श्री पंकज अग्रवाल ने कंपनी के विद्युत उत्पादन प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी की उत्पादन इकाइयाँ उच्च दक्षता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं, जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि उत्पादन क्षमता के साथ गुणवत्ता आधारित संचालन और संसाधनों के बेहतर उपयोग की दिशा में कंपनी के प्रयास उल्लेखनीय हैं। प्रबंध संचालक श्री मनजीत सिंह ने कहा कि केन्द्रीय विद्युत सचिव श्री पंकज अग्रवाल का यह दौरा बिरसिंगपुर एवं कंपनी के लिए गौरव एवं प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि कंपनी की कार्यकुशलता, तकनीकी उत्कृष्टता एवं विश्वसनीय विद्युत उत्पादन के प्रति प्रतिबद्धता को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलना समस्त अभियंताओं व कार्मिकों के लिए उत्साहवर्धक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह दौरा भविष्य में और अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुखी कार्य संस्कृति को प्रोत्साहित करेगा। केन्द्रीय विद्युत सचिव श्री पंकज अग्रवाल व पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक श्री मनजीत सिंह सहित उपस्थित वरिष्ठ अभयिंताओं द्वारा विद्युत गृह परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान श्री पंकज अग्रवाल ने संजय गांधी ताप विद्युत गृह परिसर में विकसित हरित वातावरण, स्वच्छता एवं सुव्यवस्थित प्रबंधन की सराहना करते हुए इसे सतत् एवं उत्तरदायी औद्योगिक संचालन का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। इस अवसर पर डायरेक्टर टेक्नकिल श्री सुबोध निगम, कार्यपालक निदेशक उत्पादन श्री एच.के. त्रिपाठी, मुख्य अभियंता संचालन एवं संधारण श्री उदित अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रशिक्षण एवं विकास श्री अशोक कुमार तिवारी सहित कंपनी के अन्य वरिष्ठ अभयिंता व कार्मिक उपस्थित थे।

# संघ लोक सेवा आयोग नईदिल्ली द्वारा आयोजित सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 24 मई को

## परीक्षार्थियों का प्रवेश आयोग द्वारा जारी किये गये प्रवेश पत्र एवं मूल आईडी के आधार पर होगा

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इन्दौर।** संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली द्वारा 24 मई 2026 ( रविवार) को 'सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2026' को दो सत्र में प्रातः 09:30 बजे से 11:30 बजे (प्रथम सत्र) एवं दोपहर 02:30 बजे से 04:30 बजे तक (द्वितीय सत्र) इंदौर केन्द्र (क्रमांक-78) से 27 परीक्षा उपकेन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा में कुल 12,104 परीक्षार्थी सम्मिलित होगें। इस परीक्षा के लिए आयोग द्वारा आयुक्त, इंदौर संभाग इंदौर को परीक्षा समन्वयक अधिकारी नियुक्त किया गया है। परीक्षा समन्वयक अधिकारी के सहयोग हेतु श्रीमती शैली कनाश, संयुक्त



आयुक्त (लिटिगेशन) इंदौर संभाग, इंदौर को प्रभारी परीक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है। परीक्षार्थियों का प्रवेश परीक्षा प्रारंभ होने के 1.30 घंटे पूर्व प्रारंभ हो जायेगा। परीक्षार्थियों का प्रवेश प्रथम सत्र में प्रातः 9.00 बजे एवं द्वितीय सत्र में दोपहर 2.00 बजे बंद कर दिया जायेगा। परीक्षार्थियों को सलाह दी गई है कि असुविधा से बचने के लिये समय से पूर्व अपने-अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंचे। परीक्षार्थियों का प्रवेश आयोग द्वारा जारी किये गये प्रवेश पत्र एवं मूल आई.डी. के आधार पर होगा। परीक्षार्थी प्रवेश के दौरान मोबाईल फोन, डिजिटल घड़ियां, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ, आई.टी. गैजेट्स, अन्य कोई इलेक्ट्रानिक उपकरण अथवा कोई भी ऐसा उपकरण जो संचार माध्यम के रूप में उपयोग किया जा सकता हो, लाईटर/माचिस आदि, हैंड बैग परीक्षा स्थल के अंदर ले जाना प्रतिबंधित है। परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में कोई भी मूल्यवान अथवा मंहगी वस्तु साथ में न लाये। यदि कोई परीक्षार्थी ऐसा कोई प्रतिबंधित सामान साथ लाता है, तो वह उन्हें परीक्षा स्थल के बाहर सुरक्षित रखने की व्यवस्था स्वयं करेगा तथा इस संबंध में किसी भी प्रकार की हानि के लिये आयोग उत्तर दायी नहीं होगा। परीक्षार्थी केवल आयोग द्वारा जारी ई-प्रवेश पत्र, पेन पेन्सिल, पहचान पत्र स्व फोटोग्राफ की प्रतियां (जहां लागू हो) तथा ई-प्रवेश पत्र में दिये गये निर्देश अनुसार ही वस्तुएँ परीक्षा स्थल पर साथ ले जाने की अनुमति होगी। इसके अतिरिक्त कोई अन्य वस्तु परीक्षा स्थल के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षार्थियों की फीस्किंग के उपरांत आयोग द्वारा ऐप के द्वारा परीक्षार्थियों का किया जायेगा। के उपरांत परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया जायेगा। परीक्षा समन्वयक द्वारा संभागायुक्त कार्यालय, इंदौर में परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

# युवक की आत्महत्या की जांच में हुआ खुलासा युवती के भाई ने फोन दी थी धमकी

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इन्दौर।** इंदौर के एमआईजी थाना क्षेत्र में एक युवक की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने एक युवती के भाई को आरोपी बनाया है। पुलिस को उसका सुसाइड नोट भी मिला था। जब पुलिस ने पूरी जांच कराई तो पता चला कि प्रेमिका के भाई ने उसे धमकाया था। उसने कहा था कि बहन से शादी करने की कोशिश की तो जान से मार देंगे। एडिशनल डीसीपी प्रियंका डूडवे ने बताया कि एमआईजी थाना क्षेत्र में 27 दिसंबर 2025 को ईश्वर पटेल नामक एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम जांच शुरू की थी। जांच में युवक की हत्या के कारणों का खुलासा हुआ है और इस मामले में एक युवक देव पटेल को आरोपी बनाया गया है।

### प्रेमिका के भाई ने दी थी धमकी

उन्होंने बताया कि सुसाइड नोट की जांच कराई गई थी। इसी आधार पर युव के प्रेम संबंध की जानकारी पुलिस को मिली थी। वह जिस लड़की से प्रेम करता था उसके भाई देव पटेल ने धमकी दी थी कि बहन से शादी करने की कोशिश की तो जान से मार देंगे।

### आरोपी युवक की तलाश की जा रही

टीआई सीबी सिंह ने बताया कि आरोपी ने युवक को कई बार फोन किए थे। ईश्वर पटेल ने सुसाइड के पहले एक नोट लिखा था, जिसमें कुछ नंबर थे। इसमें लड़की के भाई का नंबर भी था। इस मामले में पुलिस को युवक के वॉट्सएप पर ही सुसाइड नोट मिला था। फिजिकल नहीं मिला था। इस पर पुलिस ने उसकी प्रिंट निकलवाया और हैंडराइटिंग एक्सपर्ट से इसकी जांच करवाई तो पता चला कि ये सुसाइड नोट मृतक ने ही लिखा था। अब इस मामले में पुलिस केस दर्ज कर लिया है और आरोपी युवक की तलाश की जा रही है।

# जल गंगा संवर्धन के तहत गंगा दशमी पर्व पर 25 मई को होंगे पूरे प्रदेश में कार्यक्रम

## मंत्री, सांसद और विधायक होंगे जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इन्दौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशमीं पर के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में 25 मई को कार्यक्रम आयोजित होंगे। राज्य शासन ने समस्त जिलों में गंगा दशमी पर्व पर आयोजित गतिविधियों एवं कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले मुख्य अतिथियों की सूची जारी की है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल रीवा, मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह रतलाम, मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय धार, मंत्री श्री प्रहलाद पटेल नरसिंहपुर, मंत्री श्री राकेश सिंह जबलपुर, मंत्री श्री करण सिंह वर्मा सिवनी, मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह नर्मदापुरम, मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट देवास, मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना मुरैना, मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया झाबुआ, मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत सागर, मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग विदिशा, मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह निवाड़ी, मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर शिवपुरी, मंत्री श्री राकेश शुक्ला भिंड, मंत्री श्री चेतन्य काश्यप भोपाल और मंत्री



श्री इंदर सिंह परमार आगर-मालवा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसी प्रकार राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर सीहोर, राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र भावसिंह लोधी खंडवा, राज्यमंत्री श्री दिलीप जायसवाल मंडला, राज्यमंत्री श्री गौतम टेटवाल उज्जैन, राज्यमंत्री श्री लखन पटेल दमोह, राज्यमंत्री श्री नारायण सिंह पंवार राजगढ़, राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी सतना, राज्यमंत्री श्री दिलीप अहिरवार अनूपपुर और राज्यमंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल बैतूल के कार्यक्रम में शामिल होंगे। लोकसभा सांसद श्री रोड़मल नागर शाजापुर, लोकसभा सांसद डॉ. राजेश मिश्रा सीधी, लोकसभा सांसद श्री जनार्दन मिश्रा मऊगंज, लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता मंदसौर, लोकसभा सांसद श्री बंटी विवेक साहू छिंदवाड़ा, लोकसभा सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह ग्वालियर और लोकसभा सांसद श्री शंकर लालवानी इंदौर और राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर नीमच, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया सिंह नारोलिया पांढुर्णा के कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधायक श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह पन्ना, विधायक श्री जयसिंह मरावी शहडोल, विधायक श्री अर्चना चिटनीस बुरहानपुर, विधायक श्री बालकृष्ण पाटीदार खरगौन, विधायक श्री श्रीकांत चतुर्वेदी मैहर, विधायक श्री श्याम बरडे बड़वानी, विधायक श्री हरिशंकर खटीक टीकमगढ़, विधायक श्री पन्नालाल शाक्य गुना, विधायक श्री जगन्नाथ सिंह रघुवंशी अशोकनगर, विधायक श्री शिवनारायण ज्ञान सिंह उमरिया, विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी रायसेन, विधायक श्री प्रदीप अग्रवाल दतिया, विधायक श्रीमती ललिता यादव छतरपुर, विधायक श्री संजय सत्येन्द्र पाठक कटनी और विधायक श्री रामनिवास शाह सिंगरौली के कार्यक्रम में शामिल होंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डीबाई आदिवासी श्योपुर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रूदेश परस्ते डिंडोरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गजेन्द्र सहाय हरदा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हजरीबाई खरत आलीराजपुर और नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत ठाकुर बालाघाट के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# गर्भ में एक शिशु की मृत्यु के बावजूद दूसरे शिशु का सुरक्षित जन्म, जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इन्दौर।** स्वस्थ शिशु का जन्म किसी भी परिवार के लिए सबसे बड़ा उपहार माना जाता है। चिकित्सकों और स्वास्थ्य संस्थानों की पहली प्राथमिकता हमेशा मां और शिशु की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए सुरक्षित प्रसव कराना होती है। कई बार प्रसव प्रक्रिया में ऐसी जटिल परिस्थितियां सामने आती हैं , जिन्हें देखकर अनुभवी चिकित्सक भी अचंभित हो जाते हैं, लेकिन चिकित्सकों की विशेषज्ञता और समर्पण इन चुनौतियों को सफलता में बदल देता है। ऐसा ही एक अत्यंत जटिल मामला शासकीय प्रकाशचंद सेठी अस्पताल में सामने आया। 37 वर्षीय गर्भवती महिला प्रसव पीड़ा के साथ अस्पताल पहुंची। चिकित्सकीय परीक्षण के बाद पता चला कि महिला की गर्भावस्था नौ माह पूर्ण हो चुकी है। महिला के पूर्व रिकॉर्ड देखने पर ज्ञात हुआ कि गर्भ में जुड़वा शिशु थे, लेकिन दुर्भाग्यवश एक शिशु की गर्भावस्था के पांचवें महीने में ही मृत्यु हो चुकी थी। स्थिति को और जटिल बनाने वाली बात यह




थी कि दोनों शिशु एक ही थैली में थे। चिकित्सकों ने बिना विलंब किए महिला की शल्य क्रिया की और दूसरे शिशु का सुरक्षित प्रसव कराया। जन्म लेने वाला शिशु लगभग 3.75 किलोग्राम वजन का है और पूरी तरह स्वस्थ है। चिकित्सकों ने मां की जटिल स्थिति को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक प्रबंध किए। वर्तमान में जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। विशेष बात यह रही कि मृत शिशु पूरी तरह कागज जैसी संरचना में परिवर्तित हो चुका था, फिर भी जीवित शिशु को किसी प्रकार का संक्रमण नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार महिला पहली बार शासकीय अस्पताल में उपचार के लिए आई थी। इससे पहले वह निजी चिकित्सालय में उपचाररत थी। इस सफल प्रसव ने एक बार फिर शासकीय अस्पतालों में उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सकों की दक्षता को सिद्ध किया है। इस जटिल प्रसव प्रक्रिया को स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कोमल विजयवर्गीय, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. सुनीता भटनागर एवं डॉ. स्वाति, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. दिव्याभ गहलोत तथा नर्सिंग स्टाफ रेखा और प्रीति ने सफलतापूर्वक संपन्न किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने इस जटिल प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर पूरी चिकित्सकीय टीम को बधाई दी तथा नवजात शिशु के स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी।

# डायनासोर जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यान बाग के चारों और इको-सेंसिटिव जोन में मास्टर प्लान के अंतर्गत किए जाने वाले समस्त विकास कार्य निर्धारित नियमों के अधीन किये जाएंगे

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इन्दौर।** धार जिले में स्थित डायनासोर जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यान, बाग का कुल अधिसूचित क्षेत्र केवल 89.740 हेक्टेयर है। भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार इस उद्यान के चारों ओर 250 मीटर के दायरे को इको-सेंसिटिव जोन (श्वर्स्) घोषित किया गया है, जिसके भीतर सभी गतिविधियों का संचालन निर्धारित नियमों के अधीन ही किया जा सकता है। धार वन मंडल अधिकारी के अनुसार 250 मीटर के इको-सेंसिटिव जोन में रोजगार और पर्यटन की दृष्टि से स्थानीय युवाओं को पर्यटकों के ठहरने के लिए पर्यावरण अनुकूल अस्थाई कॉटेज, टेंट और लकड़ी के मकान (इको-रिसॉर्ट्स) बनाने तथा गाइड बनने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे



घर बैठे रोजगार मिलेगा। जैविक खेती, कुटीर उद्योग, हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों की बिक्री को सरकार द्वारा सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा। गांवों में वर्षा जल संचयन, बायोगैस और सोलर लाइट जैसी उन्नत तकनीकों का विस्तार किया जाएगा। ग्रामीणों की पारंपरिक खेती, बागवानी और डेयरी/पशुपालन जैसी गतिविधियां पहले की तरह जारी रहेंगी। वास्तविक कृषि और घरेलू उपयोग के लिए कुओं/ट्यूबवेल से पानी निकालने पर कोई रोक नहीं है। स्थानीय निवासियों को अपनी घरेलू आवश्यकताओं के लिए न्यूनतम और जरूरी निर्माण कार्य करने की अनुमति नियमों के अनुसार आसानी से मिलती रहेगी। गांवों की मौजूदा सड़कों को चौड़ा और सुदृढ़ करने तथा बिजली/दूरसंचार लाइनों के विस्तार का कार्य तय दिशा-निर्देशों के तहत सुचारू रूप से किया जाएगा। इको-सेंसिटिव जोन में पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले भारी उद्योगों, क्रशरों, वाणिज्यिक खनन और बड़ी फैक्ट्रियों की स्थापना पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। इससे गांवों की हवा-पानी शुद्ध रहेगी और कृषि भूमि बंजर होने से बचेगी। इस प्रकार मास्टर प्लान के अंतर्गत किए जाने वाले समस्त विकास कार्य इन वैधानिक नियमों की परिधि में ही संपन्न किए जाएंगे। वर्तमान में शासन द्वारा डायनासोर जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यान बाग के विस्तार हेतु पार्क का दायरा बढ़ाने की कोई योजना नहीं है। पार्क का विस्तार केवल अधिसूचित क्षेत्र 89.740 हेक्टेयर में ही किया जायेगा।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल, खरगोन विभाग 'गौवंश रक्षा ही राष्ट्र रक्षा 'बकरीद से पहले विहिप ने सरकार को सौंपा ज्ञापन, तस्करों पर सख्ती की मांग

संयुक्त लहर, मुकेश ठक्कर



**खरगोन।** विश्व हिन्दू परिषद के गौ रक्षा विभाग एवं देशी गौवंश रक्षण संवर्धन न्यास द्वारा बकरीद से पूर्व गौवंश हत्या और गौवंश तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर मध्यप्रदेश के मंगुभाई पटेल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन अनुविभागीय कार्यालय में नायब तहसीलदार संतोष पाटिल को सौंपा गया। ज्ञापन में संगठन ने प्रदेश में बढ़ रही गौ तस्करी और गौकशी की घटनाओं पर गहरी चिंता जताते हुए प्रशासनिक सख्ती की मांग की। संगठन ने कहा कि गौवंश भारतीय संस्कृति, धार्मिक आस्था, आर्थिक समृद्धि और आरोग्य का आधार है। इसके बावजूद प्रदेश में कठोर कानून लागू होने के बाद भी गौवंश तस्कर सक्रिय हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि कई स्थानों पर पुलिस-प्रशासन की लापरवाही और ढीले रवैये के कारण गौ तस्करों के हौसले बुलंद हैं। ऐसी स्थिति में गौरक्षकों को अपनी जान जोखिम में डालकर सड़कों पर उतरना पड़ता है, जो चिंता का विषय है। ज्ञापन में कहा गया कि बकरीद के दौरान हर वर्ष गौवंश हत्या और तस्करी की घटनाओं में बढ़ोतरी देखने को मिलती है। कई मुस्लिम उलेमाओं द्वारा गौकशी का विरोध किए जाने के बावजूद कुछ असामाजिक तत्व इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल रहते हैं। संगठन ने मुस्लिम समाज के वरिष्ठ लोगों और धर्मगुरुओं से भी समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की। विश्व हिन्दू परिषद गौरक्षा विभाग ने प्रशासन से मांग की कि बकरीद के दौरान गौवंश परिवहन पर विशेष निगरानी रखी जाए और किसी भी प्रकार की ढील न दी जाए। संदिग्ध वाहनों की जांच कर तस्करों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए ताकि गौरक्षकों को आंदोलन के लिए मजबूर न होना पड़े। ज्ञापन में यह भी मांग रखी गई कि राजस्थान और महाराष्ट्र सरकार की तर्ज पर मध्यप्रदेश में भी गौमाता को 'राज्यमाता' का दर्जा दिया जाए। साथ ही प्रदेश की गौचर भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाकर उसे मुक्त कराया जाए। संगठन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि 'गौवंश रक्षा राष्ट्र रक्षा का विषय है और हिन्दू समाज किसी भी कीमत पर गौवंश हत्या और तस्करी सहन नहीं करेगा।' बकरीद की संभावित तिथि 27 मई 2026 को देखते हुए प्रशासन से अलर्ट मोड में कार्यवाही करने की मांग की गई। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष दीप जोशी, जिला उपाध्यक्ष मुकेश यादव, जिला सह गौरक्षा प्रमुख सचिन गुप्ता, जिला साप्ताहिक मिलन प्रमुख सौरभ धामंडे, प्रखंड मंत्री जयदीप ठक्कर, गौ रक्षक नगर प्रमुख सावन प्यासे, प्रखंड संयोजक आकाश डंडिर, प्रखंड मंत्री सार्थक बिलौरे, कार्यकर्ता पूनम वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधानसभा प्रभारी ओम सिलावट दौरा कर लेंगे पंचायत कमेटियों की बैठके

संयुक्त लहर, मुकेश ठक्कर



**खरगोन।** मध्य प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त खरगोन विधानसभा क्षेत्र प्रभारी ओम सिलावट ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खरगोन ग्रामीण के गांवों में आज दौरा कर ग्राम पंचायत कमेटियों का गठन करने हेतु बैठकें लेंगे उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजेश मंडलोई ने बताया कि दिनांक 24 मई 2026 को प्रातः 10:00 बजे ग्राम रणगांव, 11:00 बजे दाभड़, 12:00 बजे सुरपाला, 1:00 बजे इच्छापुर, 2:00 बजे पिपरी, 3:00 बजे घोटिया, 4:00 ग्राम बनिहार, 5:00 बजे नंदगांव रोड, 6:00 बजे डालका तथा 7:00 बजे सिनखेड़ा मैं कांग्रेस पंचायत कमेटी गठन को लेकर बैठके लेंगे। इस अवसर पर उनके साथ किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष परसराम पाटीदार और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खरगोन ग्रामीण के अध्यक्ष मांगीलाल पाटीदार भी उपस्थित रहेंगे।

## आज मंत्री तुलसीराम सिलावट करेंगे सांवेर के अत्याधुनिक नगर परिषद भवन का शुभारंभ



संयुक्त लहर, धर्मेंद्र सोलंकी

**सांवेर।** नगर परिषद सांवेर द्वारा निर्मित नवीन नगर परिषद कार्यालय भवन का लोकार्पण आज रविवार, 24 मई 2026 को किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में तुलसीराम सिलावट उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शंकर लालवानी करेंगे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में श्रवण सिंह चावड़ा शामिल होंगे। नगर परिषद अध्यक्ष संदीप चंगेड़िया ने बताया कि लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस आधुनिक भवन में नागरिक सुविधाओं और प्रशासनिक कार्यों को ध्यान में रखते हुए विशाल सभागार, विभिन्न विभागों के सुसज्जित कक्ष, आधुनिक कार्यालय व्यवस्था तथा नागरिकों के बैठने सहित आवश्यक सुविधाएं विकसित की गई हैं। नए भवन के प्रारंभ होने से नगर परिषद के कार्यों में तेजी आएगी तथा आम नागरिकों को बेहतर वातावरण और आधुनिक सुविधाओं के साथ सेवाएं प्राप्त होंगी। नगर परिषद ने समस्त नगरवासियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, वरिष्ठजनों एवं गणमान्य नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है। यह मंजर देख कर ऐसा लग रहा है कि कोई युद्ध क्षेत्र हो ? लेकिन यह इन्दौर का छावनी है जहां रोड चौड़ीकरण के लिए बंधक मकान दुकानों को तोडा गया।

# महिलाओं के लिए विशेष इंडस्ट्रियल जोन बनाने की मांग, सांसद शंकर लालवानी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि



**इंदौर।** महिलाओं को आर्थिक और औद्योगिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में सांसद शंकर लालवानी ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने महिलाओं के लिए विशेष इंडस्ट्रियल जोन विकसित करने और जैसी अवधारणा को आगे बढ़ाने की मांग की है, ताकि महिला उद्यमियों को उद्योग स्थापित करने के लिए बेहतर अवसर और सुविधाएं मिल सकें। सांसद लालवानी में इसके लिए इंदौर शहर में जमीन उपलब्ध करवाने की मांग मुख्यमंत्री से की है ताकि महिला उद्यमियों को आने-जाने में परेशानी का सामना न करना पड़े। सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के उद्योग और उद्यमिता क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए विशेष औद्योगिक सुविधाएं और समर्पित विकास मॉडल तैयार किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रस्तावित के माध्यम से महिला उद्यमियों को रेडी-टू-यूज इंडस्ट्रियल स्पेस, आवश्यक आधारभूत सुविधाएं, प्रशिक्षण और सहयोग उपलब्ध कराया जा सकता है। इससे विशेष रूप से छोटी और मध्यम महिला उद्यमियों को अपना उद्योग स्थापित करने में मदद मिलेगी और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। सांसद लालवानी ने यह भी कहा कि राज्य सरकार द्वारा घोषित 'महिला उद्यम वर्ष' के संकल्प को इस प्रकार की पहल और मजबूती प्रदान कर सकती है। इससे महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और औद्योगिक विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस दिशा में सकारात्मक निर्णय लेकर बड़ी संख्या में महिलाओं को उद्योग क्षेत्र से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त किया जा सकेगा।

## मानपुर में आज से योगेश श्रीवास स्मृति दड़ी बॉल टूर्नामेंट का शुभारम्भ साथ ही मैच के रोमांच प्रारम्भ

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि



स्टेडियम की तरह लाइव कॉमेंट्री,व डीजे साउंड से खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया जाएगा मैच को लेकर नगर व क्षेत्र में भारी उत्साह संयुक्त लहर इस्माइल सैफ़ी मानपुर जूनी स्कूल मानसिंह भवन खेल मैदान पर मिनी वॉलीबॉल क्लब मानपुर के तत्वावधान में मिनी वॉलीबॉल एवं दड़ी बॉल टूर्नामेंट 2026 का आगाज धमाकेदार अंदाज शुरू हुआ। योगेश श्रीवास की स्मृति में आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी सतीश धारविया (कलेक्टर काका) ने किया। मैच के रोमांच को दोगुना करने के लिए मैदान पर विशेष डी.जे. साउंड और लाइव कमेंट्री की व्यवस्था की गई है। जो दर्शकों को बांधे हुए है।।?आयोजन समिति के नितिन मुदगल ने इस प्रतिनिधि को बताया कि क्षेत्र की 12 प्रतिष्ठित टीमें अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए समिति ने प्रथम पुरस्कार ।5555/- एवं भव्य ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 3333/ व ट्रॉफी तथा तृतीय पुरस्कार 2222/- एवं ट्रॉफी की घोषणा की है। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को 555/ एवं विशेष मेडल से नवाजा जाएगा। टूर्नामेंट शुभारंभ के अवसर पर मनीष मुदगल, विनोद जाट बाना, मनमोहन गुणवाद, प्रदीप मीणा, सतीश जाट, मोइज़ आरिफ,महेंद्र जाट, अभिनय पाल, आसिफ खान,विशाल सोलंकी, पप्पू मीणा,अमित मीणा, नीरज खेर,धर्मेंद्र सोलंकी, वीरेंद्र दांदक, शुभम शर्मा सहित आदि खेल प्रेमी उपस्थित थे। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 27 मई को खेला जाएगा।

# भाजपा नेताओं ने अपने ही मंडल अध्यक्ष का फूका पुतला

## नरेंद्र पाटीदार मुर्दाबाद के नारे के साथ ही उसे पद से हटाने की की गई मांग

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि



**टोंकखुर्द।** युवा मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह भाटी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा ग्रामीण भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह पाटीदार का पुतला दहन कर नरेंद्र पाटीदार मुर्दाबाद के नारे लगाए तथा उन्हें पद से हटाने की मांग की भाजपा नेता लोकेंद्र सिंह भाटी ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि नरेंद्र पाटीदार पूर्व में भी मंडल अध्यक्ष रह चुके हैं और वर्तमान में दोबारा मंडल अध्यक्ष बने हैं लेकिन उनके द्वारा कार्यकर्ताओं की अवहेलना करना तथा कार्यकर्ताओं को नजर अंदाज किया जाता है और कार्यकर्ताओं को झूठा आश्वासन देता है कि मैं तुझे यह पद दे दूंगा बाद में उनको नजर अंदाज करता है जिससे पूरे मंडल में कार्यकर्ताओं में आक्रोश है तथा नरेंद्र पाटीदार द्वारा मुझे कार्यकारिणी घोषित होने के बाद यह बताया गया कि विधायक राजेश सोनकर और जिला भाजपा अध्यक्ष रायसिंह सेंधव तुम्हारा विरोध करते हैं और उनकी छवि कार्यकर्ताओं के आगे खराब कर रहा है अगर विधायक सोनकर जी मेरे खिलाफ होते तो क्या 70 लख रुपए का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेरी ग्राम पंचायत में स्वीकृत करते नरेंद्र पाटीदार का विरोध पूरे क्षेत्र में है और हर गांव का कार्यकर्ता नरेंद्र पाटीदार का पुतला जलाएगा इसने स्वाभिमानी कार्यकर्ताओं को घर बैठा दिया है और कांग्रेसी नेताओं को इसने पद दे दिया मैं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल जी से निवेदन करता हूं कि सोनकच्छ मंडल के टोंक खुर्द ग्रामीण अध्यक्ष नरेंद्र पाटीदार को जल्दी नहीं हटाया गया तो यह पार्टी के लिए खतरा बन जाएगा भाजपा पार्टी हमारे लिए मां के समान है और हम कार्यकर्ता बनकर पार्टी की हमेशा सेवा करेंगे जब सज्जन वर्मा की तूती बोलती थी और बूथ पर बोलने वाला बैठने वाला कोई नहीं होता था तब हम मेरे परिवार के लोग बूथ पर बैठते थे और नरेंद्र पाटीदार हमारे साथ गलत व्यवहार कर रहा है इसका पुतला हर गांव में जलाया जाएगा मैं पार्टी से निवेदन करता हूं कि इसे तुरंत हटाया जाए।

# स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि





**टोंकखुर्द।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टोंकखुर्द परिसर में शनिवार को विभाग के मैदानी कर्मचारियों की समीक्षा बैठक अनुविभागीय अधिकारी सुश्री रितु चौरसिया एवं मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर माया कल्याणी के निर्देशन में आयोजित की गई। सर्वप्रथम डॉक्टर कल्याणी द्वारा सभी राष्ट्रीय कार्यक्रम गर्भवती पंजीयन, टीकाकरण,एनसीडी, एनीमिया मुक्त भारत, आयुष्मान कार्ड, मलेरिया, टीबी उन्मूलन, कुष्ठ उन्मूलन, आदि राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा की गई समीक्षा में जिस कर्मचारी का लक्ष्य के अनुरूप कार्य कम पाया गया उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर दो दिवस में कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए गए। एवं 28 मई को वर्ल्ड मेंशन डे प्रत्येक उप स्वास्थ्य केंद्र पर मनाए जाने पर विस्तार पूर्वक बताया । इसके उपरांत बीईई गोवर्धन सिंह पारसनिया द्वारा प्रति सप्ताह जन कल्याणकारी योजनाओ पर एक सफलता की कहानी प्रति केंद्र से देने एवं दानेदार बुखार के रोगियों के सैंपल लेने ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस पर सायकालीन ग्राम चौपाल आयोजित करना जिसमें गर्भवती एवं किशोरी बालिकाओं की सहभागिता सुनिश्चित करना एवं 30 मई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टोंकखुर्द पर आयोजित रक्तदान शिविर के बारे में बताया गया। अनुविभागीय अधिकारी चौरसिया द्वारा समय सीमा में सभी राष्ट्रीय कार्यक्रम के लक्ष्य पूर्ति करने एवं मातृ मृत्यु शिशु मृत्यु की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक पश्चात अनुविभागीय अधिकारी चौरसिया द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का अवलोकन किया गया। उक्त समीक्षा बैठक मे बीईई गोवर्धन सिंह पारसनिया, बीपीएम फिरोज शेख, बीसीएम सारिका काजी,राय सिंह मालवीय, दिनेश कारपेंटर,विक्रम सिंह नागर,गुलरेज शेख,पहलाद सिंह लबरावदिया, कृष्णमूर्ति शिवहरे, सहित मैदानी अमला उपस्थित रहा।

# नौतपा 25 मई से - मालवा में झमाझम बारिश के योग

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि




सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश के साथ 2 जून तक चलेगा तपन चक्र, रोहिणी का वाहन गज होने से कृषि के लिए सुभिक्ष वर्षा का अनुमान , सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश के साथ ही 25 मई 2026 से नौतपा शुरू हो जाएगा, जो 2 जून 2026 तक चलेगा। इन नौ दिनों तक धरती पर गर्मी का प्रभाव चरम पर रहेगा जिसे तपन चक्र कहा जाता है। वैदिक पंचांग गणना के अनुसार इस वर्ष नौतपा के तपन चक्र से देश सहित मालवा क्षेत्र में सुभिक्ष और संतुलित वर्षा के प्रबल योग बन रहे हैं। इस वर्ष रुद्र नाम है, जिसके प्रभाव से बारिश के मौसम में गंगा का रौद्र स्वरूप देखने को मिलेगा। शुद्ध करेगा, पापों का नाश करेगा संवत्सरग का आरंभ होगा। हरि कुटीया गुंदी कला ज्योतिष केंद्र के आचार्य पं. शिवनारायण शर्मा के अनुसार इस बार रोहिणी नक्षत्र का वाहन गज है। पारंपरिक ज्योतिष में गज वाहन का सीधा संबंध सुभिक्ष वर्षा से होता है। इसका अर्थ है कि इस वर्ष बिखरी हुई लेकिन खेती के लिए अत्यंत उपयोगी, संतुलित और लाभकारी बारिश होगी। इसके साथ ही इस वर्ष आषाढ़ माह की शुरुआत बुधवार से हो रही है, जिसे कृषि के लिए हितकारी और संतुलित वर्षा का संकेत माना जाता है। वर्षा कारक ग्रहों की स्थिति के कारण ताप का प्रभाव तुलनात्मक रूप से कम रहने तथा बादल बनने के अनुकूल संकेत भी मिल रहे हैं। ग्रामीण परंपरा और लोककथा में कहावत है कि रोहिणी तपे, मृग बरसे। मान्यता है कि नौतपा जितना अधिक तपता है यानी गर्मी प्रबल रहती है, मानसून उतना ही बेहतर होता है। यदि नौतपा के दौरान बार-बार बादल छा जाएं या बारिश हो जाए, तो लोकविश्वास में इसे वर्षा चक्र के कमजोर होने का संकेत माना जाता है। पौराणिक कथाओं और कृषि लोकज्ञान के अनुसार सूर्य की तीव्र किरणों से धरती की नमी वाष्प बनकर ऊपर उठती है, जो बाद में बादल बनकर वर्षा का कारण बनती है। इसलिए नौतपा को प्रकृति का तपन-चक्र कहा गया है, जिसमें जितनी तपन होती है, उतनी ही जलवृष्टि की संभावना रहती है। ज्योतिषीय दृष्टि से रोहिणी चंद्रमा का प्रिय नक्षत्र है। इसमें सूर्य का प्रवेश अग्नि तत्व को बढ़ा देता है। इसके परिणामस्वरूप गर्मी, शुष्कता, लू और जल की कमी जैसी स्थिति बनती है और शरीर में पित्त की वृद्धि अधिक होती है। इसके बाद जब सूर्य लगभग 22 जून को आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करेगा, तब वर्षा ऋतु की आधिकारिक शुरुआत मानी जाएगी।




# थाना चंदन नगर पुलिस द्वारा हॉटस्पॉट एवं शेडो एरिया चेकिंग के दौरान त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए दो संदिग्ध आरोपियों को गिरफ्तार किया गया

संयुक्त लहर, रूपेश कटारिया







**इंदौर।** आरोपियों के कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल मय जिंदा कारतूस एवं एक तेज धारदार चाकू बरामद किया गया। बरामद हथियारों की अनुमानित कुल कीमत लगभग 21,000/- है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों द्वारा किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध पूर्व से मारपीट, अवैध हथियार, नशाखोरी एवं दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराध पंजीबद्ध पाए गए हैं। इंदौर पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह द्वारा शहर में अवैध हथियार लेकर घूमने वाले अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के पालन में पुलिस उपायुक्त, जोन-04 सुनील मेहता के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-04 दीशेष अग्रवाल एवं सहायक पुलिस आयुक्त अन्नपूर्णा शिवेन्दु जोशी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी चंदन नगर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा लगातार हॉटस्पॉट एवं शेडो एरिया चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना चंदन नगर पुलिस को अवैध हथियार रखने वाले आरोपियों के विरुद्ध महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। दिनांक 22 मई 2026 को पुलिस थाना चंदन नगर द्वारा सिरपुर तालाब क्षेत्र में हॉटस्पॉट एवं शेडो एरिया चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को अंधेरे में एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए पीछा कर घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आसिफ उर्फ छोटा पठान पिता आरिफ, उम्र 28 वर्ष, निवासी अम्मार नगर, थाना चंदन नगर, इंदौर का बताया। आरोपी की विधिवत तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना चंदन नगर पर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट* के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में मारपीट, अवैध हथियार, नशाखोरी एवं दुष्कर्म जैसे गंभीर प्रकृति के कुल 05 अपराध पंजीबद्ध होना पाए गए हैं। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी द्वारा उक्त पिस्टल मुंबई से खरीदना बताया गया है, जिसके संबंध में आरोपी का पुलिस रिमांड लेकर विस्तृत पूछताछ की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 22 मई 2026 को चंदन नगर चौराहा स्थित शुलभ कॉम्प्लेक्स के पास खाली मैदान क्षेत्र में हॉटस्पॉट एवं शेडो एरिया चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अयान पिता सलीम शेख, उम्र 19 वर्ष, निवासी ए-5000 मल्टी के आगे, ग्रीन पार्क, इंदौर बताया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक तेज धारदार तड़तड़ी चाकू बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना चंदन नगर पर अपराध क्रमांक 658/26 धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में मारपीट संबंधी 02 अपराध पंजीबद्ध होना पाए गए हैं। आरोपियों को पकड़ने में थाना प्रभारी तिलक कारोले , उ.नि. मनोज सिह भदौरिया, स.उ.नि. राजेंद्र खारोल, प्र.आर. गोकुल प्रसाद,आर.हरिसिंह व आर.अरुण जाट की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# विश्व हिंदू परिषद बकरीद पर गौवंश हत्या व गौवंश तस्करी के विरूद्ध राजपाल के नाम इंदौर कलेक्टर को ज्ञापन दिया

संयुक्त लहर, रूपेश कटारिया






**इंदौर।** विश्व हिन्दू परिषद् गौरक्षा विभाग देश में बढ़ती गौवंश तस्करी व हत्याओं की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए बकरीद के मौके पर यह मांग करता है कि राज्य सरकारें व स्थानीय पुलिस प्रशासन इन घटनाओं के विरूद्ध न सिर्फ कठोर कार्यवाही करें, बल्कि भविष्य में इनकी पुनरावृत्ति रोकने हेतु पूरी संवेदनशीलता के साथ समुचित कदम उठाएं। कुछ राज्यों में गौवंश हत्या रोधी कानून लचर है किन्तु आपके राज्य में कठोर कानून के बावजूद पुलिस-प्रशासन के लचर रवैए, लापरवाही या मिलीभगत से गौवंश हत्यारे व गौवंश के तस्कर सक्रिय है। इसलिए ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों में गौरक्षकों को मजबूरी में अपने प्राण संकट में डालकर पर सड़क पर उत्तरना पड़ता है जो बेहद चिंता जनक है। इस वर्ष सम्भावित तिथि 27 मई, 2026 को बकरीद होगी। विश्व हिन्दू परिषद-गौरक्षा विभाग ने मांग की है कि सभी राज्य सरकारें, पुलिस-प्रशासन गौवंश हत्यारों व गौवंश तस्करों के विरूद्ध कठोरता से स्वत: कार्यवाही करें जिससे गौरक्षकों को सड़कों पर आने के लिए मजबूर न होना पड़े। संगठन ने यह भी मांग की है कि कुछ राज्यों में बकरीद के अवसर पर वाहनों में गौवंश को लाने-लेजाने की अधिकतम संख्या में जो ढील दी जाती है वह न दी जाए। जिस प्रकार राजस्थान व महराष्ट्र सरकार ने गौ माता को राज्यमाता का दर्जा दिया है उसकी प्रकार मध्यप्रदेश शासन से भी यह मांग है कि गौ माता को राज्यमाता का दर्जा प्रदानं करें व जिन गौचर भूमियों पर अतिक्रमण है उन्हें शीघ्र मुक्त किया जावें। इस त्यौहार पर मुस्लिम समुदाय के लोग पशु बली के बाद अवशेष को इधर उधर फेक देतें हैं जिससे पर्यावरण दुषित होता है तथा हिन्दू समाज असहज महसुस करता है। अत: इस ओर ध्यान देकर कठोर कार्यवाही की जावे। साथ ही खजराना, बॉम्बे बाजार,चंदन नगर,ओर अन्य जगह विशेष सतर्कता बरती जाये। और इस तरह का कृत्य करते हुए कोई मिले तो पुलिस उस पर ठोस वैधानिक कारवाही करे। साथ ही बजरंग दल का हर एक कार्यकर्ता भी प्रशासन का पूर्ण सहयोग करे। और फिर भी यदि कारवाही नहीं होती है तो बजरंग दल का स्वयं ही गो माता के हत्यारों से निपटने का सामर्थ रखता है।

# आबकारी टीम ने देवगुराडिया रोड पर ऑटो से पकड़ी बड़ी मात्रा में बीयर की केन आरोपी को किया गिरफ्तार

संयुक्त लहर, नितिन चंदेल



**इंदौर।** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के निर्देशानुसार इंदौर जिले में अवैध मदिरा के क्रय-विक्रय, परिवहन पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को उप निरीक्षक सुनील कुमार मालवीय को मुखबिर से सूचना मिली की देवगुराडिया रोड पर एक ऑटो में शराब भरकर जा रही है। सूचना मिलते ही आबकारी वृत मालवा मिल बी व छावनी की टीम ने घेराबंदी कर एक ऑटो नंबर को पकड़ा। ऑटो में एक व्यक्ति बैठा पाया, मौके पर व्यक्ति और उसके ऑटो की विधिवत तलाशी लेने पर ऑटो के पीछे डिक्की में 3 गत्ते की पेटी रखी हुई पायी, जिसमें बोल्ट बीयर की केन भरी हुई थी। गणना करने पर कुल 72 केन होना पाई गई। समस्त मदिरा को वाहन सहित विधिवत जब्त कर आरोपी भारत पिता घनश्याम मांडरे निवासी इंदौर के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1)क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं प्रकरण विवेचना में लिया गया। ज़ब्त मदिरा एवं वाहन की कुल कीमत 2 लाख 10 हजार 800 रूपये है। उक्त कार्रवाई कंट्रोलर श्री देवेश चतुर्वेदी, डिप्टी कंट्रोलर श्री मनोज अग्रवाल एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमति प्रीति चौबे एवं श्री आर सी डावर के नेतृत्व में की गई। आज की कार्यवाही में आरक्षक श्री निहाल सिंह बुंदेला, श्री अरविंद शर्मा, श्री भगवानदास बिरला, श्री विकास मंडलोई, श्री कुलदीप, श्री विजय क सराहनीय योगदान रहा।

# जला जेल शाजापुर को मिला आई एस ओ प्रमाण पत्र

संयुक्त लहर, रूपेश कटारिया



**शाजापुर।** शाजापुर को बेहतर जेल प्रबंधन एवं पर्यावरण प्रबंधन में सभी माप दण्डों पर खरा उतरने पर आईएसओ 9001: 2015 एवं 14001:2015 प्रमाण पत्र मिला हैं। यह प्रमाण पत्र फोटोन मैनेजमेंट सर्विसेज भोपाल द्वारा जारी कर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री ऋजु बाफना के हाथों जेल अधीक्षक श्री दुष्यन्त कुमार पगारे को प्रदान किये गये। इस अवसर पर उप जेल अधीक्षक श्री सुनील कुमार मण्डलेकर भी उपस्थित थे। आईएसओ प्रमाण पत्र पत्र के लिये 17 बिंदुओं पर जेल व्यवस्था को परखने उपरांत ही यह प्रमाण पत्र दिये गये हैं। इन जेल में परिसर में कैदियों के नियम, कर्तव्य, अधिकार, साफ स्वच्छता, आधुनिक रसोई घर, पर्यावरण संरक्षण, पेड़ - पौधे और फल-फूलों का संरक्षण, गौशाला के बेहतर संचालन के लिए तथा आफिस मैनेजमेंट इत्यादि सम्मिलित हैं। जिला जेल शाजापुर को आईएसओ प्रमाण पत्र प्राप्त करने में जेल पर पदस्थ समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों श्री बद्रीलाल चौधरी, श्री पंकज, श्री मनोहर सिंह जी, श्री धरम पाल सिंह रावत जी, श्री रोहित यादव जी, श्री वर्मा जी, श्री फौजी साहब जी, श्रीमती अंजली पालीवाल जी, सु श्री प्रीति श्रीवास्तव जी, सु श्री अंजू मार्को जी, श्री आबिद खान साहब जी, श्री प्रशांत सिंह जी, श्री विमल कुमार जी, चीफ साहब श्री मालवीय जी एवं जेल बंदियों का भी विशेष सहयोग रहा।

# आगामी त्योहारों को लेकर कांटाफोड़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

**थाना प्रभारी आराधना रायकवार ने नागरिकों से सौहार्द और शांति बनाए रखने की अपील की**

संयुक्त लहर, रविन्द्र परमार



**कांटाफोड़।** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को थाना कांटाफोड़ परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी आराधना रायकवार ने नगरवासियों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों से त्योहारों के दौरान आपसी भाईचारा, शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। बैठक में थाना प्रभारी ने कहा कि त्योहार हमारी संस्कृति और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं, इसलिए सभी नागरिक मिलजुल कर प्रेम और सद्भाव के साथ पर्व मनाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेशों को साझा करने से बचें। यदि किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचना दें। बैठक के दौरान नगर की यातायात व्यवस्था, धार्मिक आयोजनों, जुलूस मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था एवं रात्रि गश्त को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि त्योहारों के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा तथा शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने भी अपने सुझाव रखे और नगर में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। सभी ने एक स्वर में भाईचारे और सामाजिक समरसता के साथ त्योहार मनाने का संदेश दिया।इस अवसर पर नगर के कई गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारीगण, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न समाजों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

# तेंदूपत्ता तोड़ते समय हादसा, पेड़ से गिरने पर बालिका का हाथ टूटा

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**पुंजापुरा।** पुंजापुरा वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पोस्टर्तीपुरा में तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान एक हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार वर्षा पिता सागर रावत तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ी थी, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर गई। हादसे में उसका हाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद वर्षा के दादा उसे तत्काल उपचार के लिए बागली अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों द्वारा उसके हाथ में पट्टा बांधकर उपचार किया गया। परिजनों के अनुसार इलाज में करीब 50 हजार तक का खर्च आया है। बताया जा रहा है कि वर्षा ने दो दिन तक तेंदूपत्ता तोड़ने का कार्य किया था। घटना के बाद उसके दादा पुंजापुरा वन विभाग कार्यालय पहुंचे और सहायता की मांग की। इस संबंध में बागली एसडीओ ने बताया कि शासन की योजना एवं संबल कार्ड के माध्यम से जो भी सहायता संभव होगी, उसका लाभ पीड़ित परिवार को दिलाया जाएगा।

# इंदौर में सरकारी नल से पानी भरने को लेकर विवाद : दो पक्षों में गालीगलौज-मारपीट

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इंदौर।** इंदौर में भीषण गर्मी के बीच पानी की किल्लत अब विवाद की वजह बनने लगी है। ताजा मामला स्कीम नंबर 54 का है, जहां सरकारी नल से पानी भरने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। मामला बढ़ने पर दोनों पक्ष विजय नगर पुलिस थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने दोनों की शिकायत पर शुक्रवार को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भारतीय श्रमजीवी पत्रकार महासंघ की नई कार्यकारिणी घोषित, सांवेर में ओम प्रकाश कटारिया बने तहसील अध्यक्ष

संयुक्त लहर, धर्मेंद्र सोलंकी



**सांवेर।** भारतीय श्रमजीवी पत्रकार महासंघ, नई दिल्ली द्वारा इंदौर जिले की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। संगठन ने सांवेर तहसील अध्यक्ष पद पर ओम प्रकाश कटारिया तथा महासचिव पद पर डॉ. अतुल लाडना को नियुक्त किया है। नई जिला कार्यकारिणी में विनोद शर्मा को जिला अध्यक्ष एवं प्रवीण जैन को महासचिव बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर धर्मेन्द्र सोलंकी, अंकित राठौर, यत्नेश सेन और पूर्णिमा बीसे को जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई नियुक्तियों के बाद संगठन के सदस्यों, पत्रकार साथियों, इष्टमित्रों एवं स्नेहीजनों में हर्ष का वातावरण है। सभी ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि वे संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे तथा पत्रकार हितों के लिए सक्रियता से कार्य करेंगे।

# पेट्रोल 87 पैसे, डीजल 91 पैसे महंगा : 9 दिन में तीसरी बार बढ़ोतरी; अब भोपाल में पेट्रोल की कीमत 111.71 रुपए प्रति लीटर

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि



**भोपाल।** पेट्रोलियम कंपनियों ने 9 दिन के भीतर तीसरी बार पेट्रोल और डीजल के रेट में बढ़ोतरी कर दी है। शनिवार को पेट्रोल की कीमत 87 पैसे और डीजल की कीमत 91 पैसे प्रतिलीटर बढ़ाई गई है। इसके चलते मध्य प्रदेश में पेट्रोल 1 रुपए या इससे ज्यादा महंगा हुआ है। इसी महीने मध्य प्रदेश समेत देशभर में पेट्रोल-डीजल के दाम तीन बार बढ़ाए जा चुके हैं। 15 मई को पहली बार करीब 3 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। 19 मई को दूसरी बार करीब 90 पैसे प्रति लीटर बढ़ाए गए थे। आज की बढ़ोतरी के बाद मई में पेट्रोल-डीजल के दाम कुल मिलाकर करीब 5 प्रति लीटर तक महंगे हो चुके हैं।

**कीमतों में क्यों हुई बढ़ोतरी ?**

इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव है। ईरान और अमेरिका की जंग शुरू होने से पहले क्रूड ऑयल के दाम 70 डॉलर प्रति बैरल थे, जो अब बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। क्रूड की कीमतें बढ़ने से तेल कंपनियां दबाव में थीं इसलिए घाटे की भरपाई के लिए यह कदम उठाया है। अगर कच्चे तेल की कीमतों में लंबे समय तक तेजी बनी रहती है तो पेट्रोल-डीजल की कीमतें और भी बढ़ाई जा सकती हैं।

**बेस प्राइस से चार गुना तक बढ़ जाती है कीमत**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों और डॉलर के मुकाबले रुपए की स्थिति के आधार पर देश में ईंधन के दाम तय किए जाते हैं। सरकारी तेल कंपनियां 'डेली प्राइस रिवीजन' यानी डायनेमिक प्राइसिंग सिस्टम के तहत हर दिन सुबह 6 बजे नए रेट अपडेट करती हैं। उपभोक्ता तक पहुंचने से पहले तेल की कीमतों में कई तरह के टैक्स और खर्च जुड़ते हैं।

# आखिरकार कान के रेड कार्पेट पर उतरीं ऐश्वर्या राय, नीले गाउन में बला की खूबसूरत दिखीं अभिनेत्री





ऐश्वर्या राय इस बार कान फिल्म फेस्टिवल में थोड़ा लेट पहुंची हैं। हालांकि उन्होंने अपने लुक से लोगों को हैरान कर दिया है। यूजर्स उनके लुक की तारीफ कर रहे हैं। काफी इंतजार के बाद आखिरकार ऐश्वर्या राय कान फिल्म फेस्टिवल 2026 में पहुंच गई हैं। कान महोत्सव 12 मई से जारी है। तभी से उनका इस फेस्टिवल में आने का इंतजार किया जा रहा था। इससे पहले भारत से आलिया भट्ट, हुमा कुरैशी और डायना पेंटी जैसी कई अभिनेत्रियों ने कान में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। ऐश्वर्या राय नीले रंग के बेहतरीन गाउन में कान महोत्सव में पहुंचीं। उनकी ड्रेस में खास तरह से रिंकल पड़े हैं, इस गाउन में वह जलपरी जैसी लग रही हैं। गाउन के साथ उन्होंने एक दुपट्टा लिया है जो, उनके दोनों हाथों में लिपटा है और जमीन तक लटक रहा है। ऐश्वर्या राय ने अपने दोनों हाथों में अंगूठी पहनी है। उनके गले का हार उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है। उन्होंने हल्के मेकअप के साथ अपने बाल खुले छोड़े हैं। रेड कार्पेट पर ऐश्वर्या मुस्कुराते हुए नजर आईं। ऐश्वर्या राय के गाउन को डिजाइनर मोहित रॉय ने डिजाइन किया है। उनकी तस्वीरों पर कई यूजर्स ने कमेंट किया है। एक यूजर ने उन्हें रानी बताया है। एक और यूजर ने लिखा 'झुक कर सलाम करो। कान की शान आ गई है।' एक और यूजर ने लिखा 'ऐश्वर्या के बिना कान अधूरा है।' एक और यूजर ने लिखा 'कान का सफर अब पूरा हुआ।' आपको बता दें कि ऐश्वर्या राय बच्चन साल 2002 से कान फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा रही हैं। हर बार वह अपने लुक से लोगों को हैरान कर देती हैं। इस बार वह थोड़ा लेट पहुंची हैं। बताया जाता है कि वह निजी कारणों से कान में देर से पहुंची हैं। आपको बता दें कि कान फिल्म फेस्टिवल फ्रांस के शहर कान में हो रहा है। यहां दुनियाभर की कई फिल्मी हस्तियां यहां पहुंचती हैं। इसी कड़ी में भारत से भी कई अभिनेत्रियों ने इसमें हिस्सा लिया है। समारोह का समापन 23 मई को होने वाला है। ऐश्वर्या इसके समापन समारोह से एक दिन पहले पहुंची हैं।

# जहां हुई थी रणबीर-आलिया की शादी, वही घर अब हुआ किराए पर



बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर एक बार फिर अपने लग्जरी मुंबई अपार्टमेंट को लेकर चर्चा में हैं। जानिए क्या है पूरा मामला। एक्टर रणबीर कपूर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म रामायण फिल्म को लेकर चर्चाओं में हैं। ये एक मच-अवेटेड फिल्म है। फिल्म का पहला टीजर रिलीज होने के बाद से ही इस फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट बढ़ गई है। इस बीच एक्टर अपने लग्जरी मुंबई अपार्टमेंट को लेकर एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर का पुराना घर, जो मुंबई के पॉश इलाके पाली हिल में स्थित है, अब नए किराएदार को मिल गया है। खास बात यह है कि इस घर का मंथली किराया सुनकर हर कोई हैरान रह गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रणबीर कपूर ने अपना शानदार वास्तु अपार्टमेंट 11 लाख प्रति महीने के किराए पर लीज पर दिया है। यह अपार्टमेंट मुंबई के बांद्रा वेस्ट स्थित पाली हिल इलाके में है। बताया जा रहा है कि यह डील 5 साल के लीव एंड लाइसेंस एग्रीमेंट के तहत हुई है। करीब 2,460 स्क्वायर फीट में फैला यह लग्जरी अपार्टमेंट आदित्य शुक्ला को किराए पर दिया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, एग्रीमेंट में हर साल किराए में 5 प्रतिशत बढ़ोतरी की शर्त भी शामिल है। वहीं सिक्योरिटी डिपॉजिट के तौर पर 45 लाख जमा किए गए हैं। खबरों की मानें तो रणबीर कपूर ने यह घर साल 2016 में लगभग 35 करोड़ में खरीदा था। इस घर के इंटीरियर्स को मशहूर डिजाइनर गौरी खान ने डिजाइन किया था, जो बॉलीवुड सितारों के आलीशान घरों को सजाने के लिए जानी जाती हैं। यह घर रणबीर कपूर के लिए काफी खास भी रहा है। इसी अपार्टमेंट में उन्होंने आलिया भट्ट के साथ 14 अप्रैल को बेहद निजी समारोह में शादी की थी। शादी घर की बालकनी में हुई थी, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थीं। करीब एक साल पहले रणबीर और आलिया अपनी बेटी राहा कपूर के साथ नए घर कृष्ण राज बंगला में शिफ्ट हो गए थे। पाली हिल में स्थित यह बंगला कपूर परिवार के लिए इमोशनल रूप से बेहद खास माना जाता है। बताया जाता है कि इसकी कीमत करीब 250 करोड़ है और यह रणबीर की मां नीतू कपूर के साथ मिलकर लिया गया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो रणबीर कपूर जल्द ही 'रामायण पार्ट 1' में नजर आएंगे, जिसे नितेश तिवारी डायरेक्ट कर रहे हैं। यह फिल्म इस साल दिवाली पर रिलीज हो सकती है। इसके अलावा उनके पास 'लव एंड वॉर' और 'एनिमल पार्क' जैसी बड़ी फिल्में भी पाइपलाइन में हैं।

# कार्तिक आर्यन की फिल्म को लेकर आई बड़ी अपडेट

कार्तिक आर्यन अपनी अपकमिंग फिल्म 'नागजिला' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म इच्छाधारी नाग पर आधारित होगी। इस फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। कार्तिक आर्यन की अपकमिंग फिल्म 'नागजिला' पहले से ही फैंस के बीच जबरदस्त उत्सुकता जगा रही है। इस बीच फिल्म को लेकर एक नई अपडेट सामने आई है। ताजा चर्चाओं के मुताबिक, एक्टर इस फिल्म में एक चुनौतीपूर्ण डबल रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म 12 फरवरी, 2027 को रिलीज होने वाली है। इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार फिल्म 'नागराज' में कार्तिक आर्यन कथित तौर पर हीरो और विलेन, दोनों का किरदार निभाएंगे। बताया जाता है कि यह फिल्म एक फ्रेंचाइजी का पहला पार्ट होगी। प्रोजेक्ट से जुड़े करीबी सूत्रों का दावा है कि एक्टर ने इन किरदारों के लिए दो बिल्कुल अलग-अलग व्यक्तित्व और लुक तैयार करने पर जोर-शोर से काम शुरू कर दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, चूंकि कार्तिक को हमेशा से ही अलग-अलग तरह के किरदार निभाने में दिलचस्पी रही है, इसलिए उम्मीद है कि वह इन किरदारों को बेहतरीन तरीके से निभाएंगे। यह बात दिलचस्प है कि हाल ही में बॉलीवुड के जिस एक्टर ने डबल रोल निभाया था, वह 'जवान' में शाहरुख खान थे। हालांकि कार्तिक फिल्म 'नागजिला' में अपना किरदार अलग रखेंगे। आपको बता दें कि 'नागजिला' भारत की लोक कथाओं में जिक्र किए गए 'इच्छाधारी नाग' (रूप बदलने वाले सांप) की कहानी पर आधारित है। कथित तौर पर, इस कहानी में एक नाग दिखाया गया है, जिसे आज के जमाने के खतरों का सामना करते हुए तालमेल बिठाना पड़ता है। इस फिल्म को शुरू में अगस्त 2026 में रिलीज करने का प्लान था।

# 60 करोड़ के करीब पहुंची आयुष्मान खुराना की 'पति पत्नी और वो दो' की कमाई



आयुष्मान खुराना की फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' की रिलीज को आज पूरे आठ दिन हो चुके हैं। आज दूसरे शुक्रवार को फिल्म ने कितने का कलेक्शन किया है। 15 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई 'पति पत्नी और वो दो' कि रिलीज को आज पूरे आठ दिन हो चुके हैं। जानिए आयुष्मान खुराना की फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' ने आज को कितने का कलेक्शन किया है। 'पति पत्नी और वो दो' ने आज दूसरे शुक्रवार को आठवें दिन 3.05 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है, जो गुरुवार के केलक्शन के मुकाबले कम है। आयुष्मान खुराना की फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' ने अब तक बॉक्स ऑफिस पर कुल 59.02 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। 'पति पत्नी और वो दो' एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना ने प्रजापति पांडे की भूमिका निभाई है। वामिका गब्बी ने अपर्णा त्रिवेदी, प्रजापति की पत्नी का रोल निभाया है। सारा अली खान ने चंचल कुमारी के रूप में प्रजापति की प्रेमिका का किरदार निभाया है और रकुल प्रीत सिंह ने नीलोफर खान का किरदार निभाया है। इस फिल्म को मुदस्सर अजीज ने लिखा और निर्देशित किया है। यह 2019 की फिल्म 'पति पत्नी और वो' की अगली कड़ी है। फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' का अनुमानित बजट लगभग 50 से 60 करोड़ रुपये के आस पास है। मुदस्सर अजीज द्वारा निर्देशित इस फिल्म में आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, रकुल प्रीत सिंह और वामिका गब्बी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह एक रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा फिल्म है।

# कौन हैं 'बंदर' की एक्ट्रेस सपना पब्बी सुशांत सिंह राजपूत ड्रग केस में नाम आया था सामने



एक्ट्रेस बॉबी देओल की नई फिल्म बंदर जल्द रिलीज होने वाली है। फिल्म में सपना पब्बी भी लीड रोल में नजर आएंगी। जानिए कौन हैं सपना पब्बी और ड्रग मामले से क्या है कनेक्शन? अनुराग कश्यप की अपकमिंग फिल्म 'बंदर' जल्द ही रिलीज होने वाली है। फिल्म में बॉबी देओल लीड रोल में हैं, वहीं सपना पब्बी उनके अपोजिट नजर आएंगी। ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। सपना पब्बी एक ब्रिटिश अभिनेत्री और मॉडल हैं, जो भारतीय टीवी, फिल्मों और वेब सीरीज में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। इन दिनों वह अपनी आने वाली फिल्म 'बंदर' के ट्रेलर लॉन्च के बाद फिर से चर्चा में हैं। 5 जून को रिलीज होने जा रही 'बंदर' एक साइकोलॉजिकल ड्रामा और मिस्ट्री फिल्म है, जो आम कमर्शियल फिल्मों से काफी अलग नजर आ रही है। ट्रेलर में बॉबी देओल एक बिल्कुल नए और गंभीर अंदाज में दिखाई दे रहे हैं। वह ऐसे शख्स का किरदार निभा रहे हैं, जिस पर कई युवतियों के साथ यौन शोषण और हमला करने के आरोप लगे हैं। ट्रेलर आगे बढ़ने के साथ कहानी में सपना पब्बी का किरदार बेहद अहम हो जाता है। पहले वह बॉबी देओल के करीब नजर आती हैं, लेकिन बाद में उनके खिलाफ खड़ी दिखाई देती हैं। इसी ट्विस्ट ने फिल्म को लेकर लोगों की उत्सुकता और बढ़ा दी है। सपना पब्बी ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत साल 2013 में टीवी शो 24 से की थी, जिसमें उन्होंने अनिल कपूर के साथ काम किया था। इसके बाद वह 'खामोशियां', अरदास करण, 'मर गए ओए लोको' और 'ऑलमोस्ट प्यार विद डीजे मोहब्बत' जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। फिल्मों और वेब सीरीज के अलावा सपना पब्बी का नाम कुछ साल पहले सुशांत सिंह राजपूत केस से जुड़ी जांच के दौरान भी चर्चा में आया था। उन्होंने सुशांत के साथ 'ड्राइव' फिल्म में काम किया था। बाद में ड्रग्स जांच से जुड़े कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में उनका नाम सामने आया। उस समय एबीपी न्यूज की एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि जांच एजेंसियों के सामने पेश होने से पहले सपना पब्बी लंदन चली गई थीं। हालांकि अभिनेत्री ने इन खबरों को गलत बताया था। उन्होंने साफ कहा था कि वह सिर्फ अपने परिवार के साथ समय बिताने के लिए लंदन गई थीं।

# फिल्म 'बंदर' का ट्रेलर रिलीज, जेल में कैद हुए बॉबी देओल



बॉबी देओल की आगामी फिल्म 'बंदर' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में एक बार फिर दर्शकों को उन्होंने चौंकाया है। जानिए, कैसा है इस फिल्म का ट्रेलर। बॉबी देओल करियर की दूसरी पारी में लीक से हटकर किरदार कर रहे हैं। अनुराग कश्यप निर्देशित फिल्म 'बंदर' में बॉबी देओल एक बार फिर से इंटेंस रोल में दिख रहे हैं। फिल्म के ट्रेलर में उनके किरदार में कई शेड्स नजर आ रहे हैं। फिल्म 'बंदर' के ट्रेलर की शुरुआत बॉबी देओल के किरदार के साथ होती है, जो कम उम्र की लड़कियों को डेट करता है। लेकिन एक लड़की से मुलाकात उसकी जिंदगी बदल देती है। उसे सलाखों के पीछे धकेल देती है। बॉबी देओल का किरदार खुद को बेगुनाह कहता है, लेकिन कोई उसकी नहीं सुनता है। 'बंदर' के ट्रेलर को देखकर लगता है कि यह कहानी दुष्कर्म के झूठे आरोप पर आधारित है। बॉबी का किरदार इस वजह से जेल भी जाता है। जेल के बुरे अनुभवों से वो गुजरता है। अपने किरदार में बॉबी काफी रम हुए नजर आते हैं। अलग-अलग सिचुएशन में उनकी एक्टिंग असर छोड़ती है। अनुराग कश्यप निर्देशन 'बंदर' की कहानी सुदीप शर्मा और अभिषेक बनर्जी ने लिखी है। निखिल द्विवेदी इसके प्रोड्यूसर हैं। इस फिल्म में बॉबी देओल के अलावा सान्या मल्होत्रा, सपना पब्बी, सबा आजाद, इंद्रजीत सुकुमारन, जितेंद्र जोशी, राज बी. शेट्टी और नागेश भोंसले जैसे एक्टर्स भी नजर आएंगे। 'बंदर' 5 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# ध्रुव राठी की पोस्ट देखकर भड़कीं गुल पनाग; यूट्यूबर को दे डाली यह नसीहत

अभिनेत्री गुल पनाग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर की गई ध्रुव राठी की पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर ही यूट्यूबर को नसीहत दी है। उनकी पोस्ट में क्या है? यूट्यूबर ध्रुव राठी मोदी सरकार और उसकी नीतियों की आलोचना करने के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर पीएम को लेकर एक पोस्ट की है। इसमें उन्होंने प्रधानमंत्री बनने के बाद एक भी प्रेस कॉन्फ्रेंस ना करने पर पीएम मोदी की आलोचना की है। यह आलोचना अभिनेत्री गुल पनाग को पसंद नहीं आई है। उन्होंने यूट्यूबर की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा प्रधानमंत्री के पद को विदेशी धरती पर एक मजाक बना देना उन्हें सही नहीं लगता। ध्रुव राठी ने एक्स पर लिखा 'पीएम मोदी जहां भी जाएं, उन्हें हर जगह शर्मिंदा किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री बनने के बाद से 12 वर्षों में उन्होंने एक भी प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की है। एक नेता होने के नाते पारदर्शिता और जवाबदेही की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में वे नाकाम रहे हैं। मैं यूरोपीय देशों के पत्रकारों को बढ़ावा देना चाहूंगा कि वे जहां भी पीएम मोदी को देखें, उनसे सवाल पूछें, ठीक वैसे ही जैसे हेले लिंग ने किया था। उन्हें इतना शर्मिंदा करें कि वे लोगों के सामने जवाब देने पर मजबूर हो जाएं। आप भारत की तरक्की के लिए सेवा कर रहे होंगे।

## सम्पादकीय

# आत्मविश्वास जरूरी पर इसे भी लगातार 'रिन्यू' करना होता है

दुनिया में छह दशकों तक सीईओ और निदेशक मंडलों को परामर्श देने के दौरान मैंने लगातार एक ऐसी विशेषता देखी है, जो ग्रेट लीडर्स को गुड लीडर्स से अलग करती है। वह बुद्धिमत्ता नहीं है। रणनीति नहीं है। वह केवल अनुभव भी नहीं है। वह है- आत्मविश्वास। अहंकार नहीं। दिखावटी दुःसाहस नहीं। आत्मविश्वास। आत्मविश्वास हमारी 'बीइंग' की एक दशा है। यह अपनी क्षमताओं की गहरी समझ और उस परिवेश की स्पष्ट पहचान से उत्पन्न होता है, जिसमें व्यक्ति काम करता है। यह वह आश्वस्ति है, जो अपनी शक्तियों को स्पष्ट रूप से जानने और अपनी सीमाओं को ईमानदारी से स्वीकारने से आती है। और यहां सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आपकी सीमाओं को आपकी राह का अवरोध नहीं बनना चाहिए। उन्हें आपको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। कई लीडर्स आत्मविश्वास को निश्चितता समझने की भूल करते हैं। दोनों एक नहीं हैं। निश्चितता कहती है : मुझे ठीक-ठीक पता है क्या होने वाला है। आत्मविश्वास कहता है : मुझे ठीक-ठीक नहीं पता कि क्या होने वाला है, लेकिन मुझे यह विश्वास है कि मैं उसका सामना करने और उसे हैंडल करने की क्षमता रखता हूं। आज की दुनिया में यह अंतर अत्यंत महत्वपूर्ण है। वास्तविक आत्मविश्वास का निर्माण करने वाली तीन बातें हैं। पहली, ज्ञान और विशेषज्ञता। जब आप अपने क्षेत्र को गहराई और विशिष्टता के साथ वास्तव में समझते हैं, तब आपको आत्मविश्वास का प्रदर्शन करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। वह स्वाभाविक रूप से उपस्थित होता है। तैयारी ही आत्म-आश्वस्ति की नींव है। जिस लीडर ने जमकर काम किया है, उसे दिखावा करने की जरूरत नहीं होती। दूसरी, अनुभव और उससे प्राप्त सीख। हर चुनौती जिसका आप सामना करते हैं, हर झटका जिसे आप सहते हैं, हर निर्णय जो आप दबाव में लेते हैं- यह सब आपकी नींव को मजबूत करता है। जिसने कठिनाइयों का सामना किया है और उनसे निकलकर आगे बढ़ा है, उसके आत्मविश्वास की प्रकृति उस व्यक्ति से बिल्कुल अलग होती है, जिसने केवल सहज परिस्थितियां ही देखी हों। अपने कठिन क्षणों को व्यर्थ मत जाने दीजिए। उनसे अपने लिए कुछ सीख भी हासिल कीजिए। तीसरी, आत्म-जागरूकता। यह जानिए कि आप किस चीज में अच्छे हैं। यह भी जानिए कि किन क्षेत्रों में आपको दूसरों की आवश्यकता है। जो लीडर यह दिखावा करता है कि उसमें कोई कमजोरी नहीं है, वह किसी को धोखे में तो नहीं रख पाता, लेकिन स्वयं भी कुछ सीख नहीं पाता है। जो लीडर अपनी शक्तियों और सीमाओं दोनों को स्पष्ट रूप से देखता है, उसी का आत्मविश्वास सबसे स्थायी होता है।

## स्कूल और महाविद्यालयों के 500 मीटर में तंबाकू उत्पाद बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें - कलेक्टर सिंह

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**उज्जैन।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा की उपस्थिति में जिला एन कोर्ड समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय सभागृह में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि विद्यालयों, महाविद्यालयों के 500 मीटर में तंबाकू उत्पाद बेचने वालों पर सख्त कार्यवाही करें। औषधि जागरूकता क्लब के माध्यम से विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों को नशे के खिलाफ जागरूक करें। सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों, विद्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर ' जीवन को हां, नशे को ना ' थीम पर नागरिकों को जागरूक करें। विश्व तंबाकू निषेध दिवस 31 मई और 26 मई को विश्व नशा निवारण दिवस पर नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से नशा मुक्ति के संदेश नागरिकों को दें। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक की कार्यवाही विवरण जानकारी संबंधित पोर्टल पर आज कार्य दिवस में अपडेट करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री शर्मा ने बैठक में निर्देश दिए कि ब्रामोकॉल की सप्लाई चैन पर विशेष ध्यान दें। नारकोटिक्स और छात्रों को साथ लेकर सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन 'ड्रग के सेवन से होने वाले नुकसानों' के संबंध में करें।

## कलेक्टर सिंह की अध्यक्षता में जिला माईनिंग टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**उज्जैन।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला माईनिंग टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा,जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांश कूमट,जिला खनिज अधिकारी श्रीमती देविका परमार और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने जिला खनिज अधिकारी को खनिजों के अवैध उत्खनन पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में 01 अप्रैल से 22 मई तक अवैध परिवहन के 15 प्रकरण ,अवैध उत्खनन के 08 और अवैध भंडारण के 03 प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की गई है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 51 हजार युवाओं को नियुक्ति-पत्र प्रदान करने पर प्रधानमंत्री मोदी का माना आभार

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने से युवाओं की उन्नति के लिए केंद्र सरकार की युवाओं के प्रति प्रतिबद्धता अभिव्यक्त होती है। निश्चित ही युवाओं की उन्नति से भारत विकास की ऊंची उड़ान भरेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा 19वें रोजगार मेले में केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के चयनित 51 हजार से अधिक युवाओं को वर्चुअल माध्यम से नियुक्ति पत्र पदान किए जाने पर सोशल मीडिया के माध्यम से उनका आभार माना।

# 'जल गंगा संवर्धन अभियान' अंतर्गत शिप्रा तीर्थ परिक्रमा एवं गंगा दशमी महोत्सव 25-26 मई 2026

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि



**उज्जैन।** बाबा श्री महाकालेश्वर की पवित्र धरा से प्रारंभ हुआ 'जल गंगा संवर्धन अभियान' केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जल एवं पर्यावरण संरक्षण की एक सशक्त जनचेतना यात्रा बन गया है। लगभग 22 वर्ष पूर्व शिप्रा तट से प्रारंभ हुआ यह प्रयास आज एक वटवृक्ष का रूप ले चुका है और अब संपूर्ण मध्यप्रदेश में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विशेष प्रयासों से विस्तार की ओर अग्रसर है। प्रदेश की प्रमुख नदियों- नर्मदा, ताप्ती, केन, बेतवा सहित अन्य जल स्रोतों के संरक्षण एवं उनके आसपास के पर्यावरण संवर्धन के लिए व्यापक अभियान मध्यप्रदेश शासन द्वारा विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा संस्थाओं के साथ योजनाबद्ध रूप से संचालित किया जा रहा है। उज्जैन से बोया गया यह बीज अब प्रदेशभर में हरित चेतना और जल संरक्षण के रूप में फलित होने जा रहा है। इसी क्रम में उज्जैन में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' अंतर्गत शिप्रा तीर्थ परिक्रमा एवं गंगा दशमी महोत्सव का आयोजन 25 एवं 26 मई को किया जा रहा है शिप्रा लोक संस्कृति समिति एवं महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ (संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन), उज्जैन विकास प्राधिकरण, रामघाट तीर्थ पुरोहित सभा अवंतिकापुरी तथा जिला प्रशासन उज्जैन के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम के लिए शनिवार को शोध पीठ कार्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इसमें श्री रवि सोलंकी यूडीए अध्यक्ष, संत रामेश्वर दास महाराज कार्यकारी अध्यक्ष शिवप्रतीर्थ परिक्रमा, शिप्रा लोक संस्कृति समिति के सचिव श्री नरेश शर्मा, डॉ. रमन सोलंकी, दिलीप सोनी कुलसचिव महर्षि पाणिनि संस्कृत वैदिक विश्वविद्यालय ने कार्यकम की जानकारी दी। उनके अनुसार 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत शिप्रा तीर्थ परिक्रमा एवं गंगा दशमी महोत्सव का यह आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के अंतर्गत द्विदिवसीय शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा आयोजित की जाएगी, जिसमें हजारों श्रद्धालु सहभागिता करेंगे। परिक्रमा में सम्मिलित श्रद्धालु शिप्रा तट पर स्थित पौराणिक तीर्थों के दर्शन-पूजन का लाभ लेंगे। 25 मई को प्रात: रामघाट से यात्रा का शुभारंभ श्री अनिल फिरोजिया जी (सांसद, उज्जैन-आलोट), बालयोगी संत श्री उमेश नाथ जी महाराज (राज्यसभा सांसद), श्री अनिल जैन कालूखेड़ा (विधायक, उज्जैन उत्तर), श्री मुकेश टटवाल (महापौर, उज्जैन नगर पालिक निगम), श्रीमती कलावती यादव (सभापति, उज्जैन नगर पालिका निगम), डॉ. रवि सोलंकी (अध्यक्ष, उज्जैन विकास प्राधिकरण), श्री ओम जैन (अध्यक्ष, मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना) सहित अन्य गणमान्य नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में होगा। 26 मई को सायं 5 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा माँ शिप्रा को 351 फीट लंबी चुनरी अर्पित की जाएगी। इस विशेष अवसर पर भक्ति संगीत एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। यह भव्य कार्यक्रम श्री अनिल फिरोजिया (सांसद, उज्जैन-आलोट), बालयोगी संत श्री उमेश नाथ जी महाराज (राज्यसभा सांसद), श्री गौतम टेटवाल (प्रभारी मंत्री, उज्जैन), श्री अनिल जैन कालूखेड़ा (विधायक, उज्जैन उत्तर), श्री मुकेश टटवाल (महापौर, उज्जैन नगर पालिक निगम), श्रीमती कलावती यादव (सभापति, उज्जैन नगर पालिका निगम), डॉ. रवि सोलंकी (अध्यक्ष, उज्जैन विकास प्राधिकरण), श्री ओम जैन (अध्यक्ष, मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना) सहित अन्य गणमान्य नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न होगा। भारतीय नौसेना बैंड की प्रस्तुति। प्रसिद्ध गायिका मैथिली ठाकुर एवं उनकी टीम (दरभंगा) द्वारा भक्ति संगीत प्रस्तुति। 17 से 26 मई तक प्रतिदिन सायं 7:30 बजे हरि कथा (पं. ढोली बुवा, उज्जैन)। 25 मई को दत्त अखाड़ा में सायं 6 बजे श्रेयश शुक्ला (इंदौर) एवं संजो बघेल (जबलपुर) द्वारा विशेष प्रस्तुति। प्रदेश में पहली बार नौसेना बैंड की प्रस्तुति मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से प्रदेश में सांस्कृतिक और पर्यावरणीय जागरूकता को एक नया आयाम मिल रहा है। इसी क्रम में पहली बार भारतीय नौसेना बैंड की भव्य प्रस्तुति आयोजित की जा रही है, जो न केवल देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करेगी, बल्कि जन-जन को एक सकारात्मक संदेश भी देगी। यह विशेष प्रस्तुति 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य जल संरक्षण और नदियों के पुनर्जीवन के प्रति समाज को जागरूक करना है। इस आयोजन के माध्यम से संगीत और संस्कृति के जरिए पर्यावरण संरक्षण का संदेश व्यापक स्तर पर पहुंचाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस प्रेरणादायक पहल के अंतर्गत भोपाल में 27 मई को आयोजित कार्यक्रम में भी नौसेना बैंड की प्रस्तुति प्रस्तावित है, जिससे प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में जनभागीदारी और जागरूकता को और अधिक बढ़ावा मिलेगा। शिप्रा नदी अपने गर्भ में अनेक पुरातात्विक रहस्यों को समेटे हुए है। समय-समय पर नदी से उत्खनन के दौरान प्राचीन सिक्के, मूर्तियां एवं अन्य ऐतिहासिक धरोहरें प्राप्त हुई हैं, जो इसके गौरवशाली अतीत का प्रमाण हैं। हीं पहलुओं के अध्ययन हेतु परिक्रमा के दौरान एक विशेष पुरातत्व दल डॉ. रमन सोलंकी (पुराविद्) के नेतृत्व में साथ रहता है, जो नदी से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों एवं अवशेषों का अवलोकन करता है। साथ ही, एक पर्यावरण दल भी परिक्रमा में शामिल रहता है, जो अपने साथ बीज लेकर चलता है और मार्ग में उनका बीजारोपण करता है। इस पहल से शिप्रा के तटों पर हरियाली बढ़ाने एवं पर्यावरण संतुलन को सुदृढ़ करने का प्रयास किया जाता है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशानुरूप जनसेवा प्रहरी पोर्टल के माध्यम से ग्रामीण वालंटियर्स को प्रशिक्षण प्रदान कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जाएगी

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि



**उज्जैन।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा की उपस्थिति में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय सभागृह में आयोजित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप उज्जैन में हाईवे पर स्थित ग्राम पंचायतों के नागरिकों द्वारा सड़क दुर्घटना में घायलों को त्वरित फर्स्ट एड प्रदान करने और उनको समय पर उपचार केंद्र पहुँचाने के लिए जिले में जनसेवा प्रहरी पोर्टल बनाया जा रहा है। जनसेवा प्रहरी पोर्टल पर संबंधित ग्राम पंचायतों के वालंटियर को रजिस्टर कर फर्स्ट एड प्रदान करने, सीपीआर देने की ट्रेनिंग और उपचार में मदद के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण उपरांत वालंटियर्स को प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे। जिले में जनसेवा प्रहरी पोर्टल के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जाएगी। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह द्वारा उक्त पोर्टल की जल्दी शुरुआत कर वालंटियर्स को प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए गए। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में विगत बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में नरसिंह घाट टर्निंग पर चैंबर की ऊंचाई ज्यादा होने के कारण लेफ्ट टर्न में आने वाली बाधा को दूर करने के निर्देश दिए। श्री महाकाल मंदिर नीलकंठ द्वार के समीप खाली भूमि पर ई रिक्शा और ऑटो वाले के लिए ड्रॉप प्वाइंट तैयार करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने आरटीओ श्री संतोष मालवीय को नागरिकों में ट्रैफिक सेंस विकसित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने और ड्राइविंग लाइसेंस बनाते समय ड्राइविंग टेस्ट पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। पीएम राहत, राहवीर योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक श्री शर्मा ने बैठक में दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट नहीं लगाने और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट नहीं लगाने और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त चलानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। विगत अप्रैल 2025 की तुलना में अप्रैल 2026 में सड़क दुर्घटनाओं में 5.44 प्रतिशत की कमी बैठक में जानकारी दी गई कि मंडी सचिव द्वारा ट्रैक्टर ट्राली पर रेडियम लगाने, आवारा पशुओं के सींग पर रेडियम लगाने का कार्य किया जा रहा है। ब्लॉक स्पॉट चिन्हांकन कर हटाने का कार्य प्रगतिरत है। बैठक में जानकारी दी गई कि विगत अप्रैल 2025 की तुलना में अप्रैल 2026 में सड़क दुर्घटनाओं में 5.44 प्रतिशत की कमी आई है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांस कूमट, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग श्री गौतम अहिरवार और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मार्गों को जोड़ने वाले अंडरपास की प्लानिंग सभी विभागों के समन्वय से करें-संभागायुक्त सिंह

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर सिंहस्थ महापर्व 2028 के तहत अधोसंरचना के विकास कार्यों का निर्माण किया जा रहा है। निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति की जानकारी लेने के साथ ही अधिकारियों द्वारा सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। शनिवार को नियमित निरीक्षण के तहत संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सड़क निर्माण कार्य, भीड़ प्रबंधन के लिए निर्माणाधीन अंडरपास निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सिंहस्थ महापर्व के दौरान आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के सुविधापूर्वक आवागमन और यातायात प्रबंधन पर फोकस करते हुए मार्गों को जोड़ने के लिए निर्माणाधीन अंडरपास और कनेक्टिंग मार्ग की भी व्यवस्थित प्लानिंग कर लें। शनिवार को नियमित निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री आशीष सिंह, कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने सिंहस्थ 2028 के तहत लोक निर्माण विभाग (सिंहस्थ संभाग) द्वारा यातायात दवाब एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए विभिन्न मार्गों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके तहत तपोभूमि से हामूखेड़ी तक 4.5 किलोमीटर तक निर्माणाधीन मार्ग निर्माण का निरीक्षण किया गया। मार्ग निर्माण की जानकारी लेने के साथ ही साइट पर निर्माण कार्य की गुणवत्ता भी देखी। संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य के दौरान साइट पर इंजीनियर मौजूद रहे। निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग कर कार्य प्रगति की जानकारी वाट्सअप ग्रुप पर अपलोड करें। इसके बाद संभागायुक्त श्री सिंह और कलेक्टर श्री सिंह ने इंदौर रोड़ यूनिटी मॉल के समीप से निर्माणाधीन एमआर-24 सड़क निर्माण कार्य की जानकारी मौके पर पहुंच कर ली। सिंहस्थ के तहत हरीफाटक ओवर ब्रिज के समीप निर्माणाधीन अंडरपास निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री सिंह ने अंडरपास के माध्यम से मिलने वाले मार्ग की जानकारी ली।

## शहर में होगा नियमित जल प्रदाय गंभीर डेम में है पर्याप्त पानी

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**उज्जैन।** शहर की जल आपूर्ति का मुख्य केंद्र गंभीर बांध में पर्याप्त पानी है नियमित रूप से शहर में जल प्रदाय किया जाएगा साथ ही वर्तमान में सिंहस्थ महापर्व को ध्यान में रखते हुए शहर में जो मार्ग चौड़ीकरण, निर्माण एवं विकास कार्य चल रहे हैं जिसके कारण पानी की लाइन लीकेज की समस्या होती है, पीएचई विभाग द्वारा उक्त समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल समाधान किया जाकर पेयजल सप्लाई किया जा रहा है यह बात शनिवार को उज्जैन उत्तर विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर श्री मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव द्वारा निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा एवं पार्षदों के साथ एक साथ ट्रेवलर गाड़ी में बैठकर गंभीर बांध पहुंचे और गंभीर डेम का निरीक्षण करते हुए कही गई साथ ही कहा कि वर्तमान में गंभीर बांध में 350 एमसीएफटी पानी की क्षमता है इसलिए नियमित रूप से शहर में जल प्रदाय किया जाएगा। गंभीर डेम पर निरीक्षण के दौरान विधायक, महापौर एवं निगम अध्यक्ष द्वारा वार्ड पार्षदों द्वारा पेयजल को लेकर जो समस्याएं बताई गई उनको गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को समाधान करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशा अनुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वार्डों में स्थित कुएं, बावड़ियों एवं तालाबों की सफाई का कार्य जारी है जिसके पानी को उपयोग में लिया जा सकता है साथ ही कुछ पार्षदों द्वारा भी इस कार्य को करते हुए वार्डों में पेयजल उपलब्ध करवाया जा रहा है जो की सराहनीय पहल है साथ ही नगर निगम द्वारा बोरिंग, नलकूप खनन, एवं पानी के टैंकरों के माध्यम से जिन क्षेत्रों में पानी की समस्या होती है वहां पानी उपलब्ध करवाया जा रहा है शहर की जनता को पेयजल के लेकर समस्या नहीं आने दी जाएगी वार्ड पार्षद भी अपने वार्डों में पीएचई विभाग के अधिकारियों के साथ सप्लाई के दौरान निरीक्षण करें और नागरिकों द्वारा जो समस्याएं बताई जा रही है उन्हें नोट करते हुए समाधान के लिए प्रयास किया जाए। पीएचई विभाग की टीम द्वारा भी सप्लाई को लेकर प्रतिदिन सुबह से लेकर रात तक मेहनत करते हुए पेयजल लाइन का संधारण, लीकेज का संधारण एवं सप्लाई को लेकर काम किया जा रहा है जिसके परिणाम स्वरूप ही प्रतिदिन शहर में जल प्रदाय किया जा रहा है इसी के साथ ही उपस्थित पार्षदों को रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए भी जागरूक किया गया कि अपने-अपने क्षेत्र में वार्ड के नागरिकों से जल संचय एवं संग्रहण के लिए रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए ताकि वर्षा का जल संचित होगा एवं भूमिगत जल स्रोत में वृद्धि होगी। इस दौरान जल कार्य समिति प्रभारी श्री प्रकाश शर्मा, एमआईसी सदस्य श्री कैलाश प्रजापत, योगेंद्र सिंह पटेल, कार्यपालन यंत्री श्री वैभव भावसार, सहायक यंत्री श्री शिवम दुबे, सब इंजीनियर श्री अजय जाट उपस्थित रहे।

## कलेक्टर सिंह के निर्देश पर आबकारी विभाग ने ताबड़तोड़ कार्यवाही कर जिले में अवैध शराब पर शिकंजा कसा

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि




**उज्जैन।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के निर्देश पर आबकारी विभाग ने ताबड़तोड़ कार्यवाही कर जिले में अवैध शराब पर शिकंजा कसा। इसी क्रम में आबकारी विभाग द्वारा 20-21 मई को 17 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। आबकारी विभाग उज्जैन द्वारा अवैध मदिरा विक्रय, परिवहन एवं भण्डारण के विरूद्ध लगातार कार्यवाहियां की जा रही है। इसी अनुक्रम में कलेक्टर जिला उज्जैन श्री रौशन कुमार सिंह के आदेश तथा प्रभारी सहायक आयुक्त जिला उज्जैन निधि जैन के निर्देशन में सहायक नियंत्रण कक्ष प्रभारी श्री प्रतीक गुप्ता के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा 20 मई एवं 21 मई को अवैध मदिरा विक्रय, परिवहन एवं भण्डारण के विरूद्ध 17 प्रकरण पंजीबद्ध कर 18 लीटर मदिरा एवं 50 किलोग्राम महूआ लहान जप्त कर 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। क्षेत्र के चौधरी का ढाबा, शिवा वेली ढाबा, सुराना डिलीकेसिज़ होटल, भद्रकाली ढाबा, युवराज ढाबा, समर्पण ढाबा, संजू का ढाबा, सोनू का ढाबा, ग्राम बिसनखेडी, ग्राम चिड़ी, ग्राम रोहलकलां में बारीकी से चेकिंग की गई है। ढाबों पर अवैध मदिरापान करने वालों एवं ढाबा संचालकों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 36 के अंतर्गत कार्यवाही की गई। अवैध मदिरा के विरुद्ध नगर में संदेह के आधार पर आने वाले वाहनों की भी सतत चेकिंग की जा रही है। क नियंत्रण कक्ष प्रभारी अधिकारी श्री प्रतीक गुप्ता द्वारा बताया गया कि जिले में कही भी अवैध मदिरा का विक्रय/परिवहन न हो, इसके लिए विभाग प्रतिबद्ध है। जिले में मुखबिर तंत्र सक्रिय है, अवैध मदिरा का विक्रय करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी जिले में कही भी अवैध मदिरा के विक्रय, परिवहन एवं संग्रहण से संबंधित सूचना की जानकारी आबकारी नियंत्रण कक्ष के दूरभाष क्रमांक 0734-2551159 पर दी जा सकती है।

# लगातार दूसरे साल प्लेऑफ से बाहर हुई चेन्नई, किन कारणों से हुआ पांच बार की विजेता टीम का बुरा हाल

सीएसके का आईपीएल 2026 में प्लेऑफ में पहुंचने का सपना लगातार दूसरे साल टूट गया। खिलाड़ियों की चोट, महेंद्र सिंह धोनी की गैरमौजूदगी, युवा खिलाड़ियों और गेंदबाजों के खराब प्रदर्शन ने टीम के अभियान को पटरी से उतार दिया। आईपीएल 2026 में पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का सफर लीग स्टेज में ही समाप्त हो गया। टीम 14 मुकाबलों में सिर्फ छह जीत दर्ज कर सकी और लगातार दूसरे सीजन प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रही। पूरे सीजन में चेन्नई का प्रदर्शन उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा। खिलाड़ियों की चोट, अनुभवी खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी और युवा सितारों का फ्लॉप शो टीम पर भारी पड़ा। सीएसके के लिए इस सीजन सबसे बड़ी समस्या खिलाड़ियों की चोट रही। टीम के कई अहम खिलाड़ी बीच टूर्नामेंट में चोटिल होकर बाहर हो गए, जिसका असर सीधे प्रदर्शन पर पड़ा। तेज गेंदबाज नाथन एलिस चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए। युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे शानदार लय में दिखाई दे रहे थे, लेकिन इंजरी ने उनका सफर रोक दिया। खलील अहमद भी सिर्फ 5 मैच खेलने के बाद चोटिल हो गए। ऑलराउंडर जेमी ओवरटन बल्ले और गेंद दोनों से योगदान दे रहे थे, लेकिन अहम समय पर उनकी चोट ने टीम को बड़ा नुकसान पहुंचाया। लगातार खिलाड़ियों के बाहर होने से टीम




संयोजन पूरी तरह बिगड़ गया। पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की गैरमौजूदगी इस सीजन सीएसके को सबसे ज्यादा खली। चोट के कारण धोनी आईपीएल 2026 में एक भी मुकाबला नहीं खेल सके। विकेट के पीछे से मैच को कंट्रोल करने और दबाव में खिलाड़ियों को संभालने की उनकी क्षमता हमेशा सीएसके की सबसे बड़ी ताकत रही है। धोनी के बिना कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ कई मौकों पर दबाव में नजर आए और टीम मुश्किल परिस्थितियों से बाहर नहीं निकल सकी। आईपीएल 2026 मेगा ऑक्शन में सीएसके ने कई युवा खिलाड़ियों पर बड़ा दांव लगाया था, लेकिन ज्यादातर खिलाड़ी उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके। प्रशांत वीर और कार्तिक शर्मा पर टीम ने करोड़ों रुपये खर्च किए, लेकिन दोनों प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। उर्विल पटेल भी पूरे सीजन में सिर्फ एक अर्धशतक ही लगा सके। युवा खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन का असर टीम की बल्लेबाजी गहराई पर साफ दिखाई दिया। सीएसके को कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन दोनों खिलाड़ी पूरे सीजन संघर्ष करते नजर आए। ब्रेविस ने 11 मैचों में सिर्फ 151 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट 127 का रहा और वह एक भी अर्धशतक नहीं लगा सके। वहीं ऋतुराज गायकवाड़ का स्ट्राइक रेट सिर्फ 123.44 का रहा, जो टी20 क्रिकेट के लिहाज से काफी कम माना जाता है। टॉप ऑर्डर के फ्लॉप होने से टीम कई मुकाबलों में बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर सकी। सीएसके की गेंदबाजी इस सीजन कमजोर कड़ी साबित हुई। खासतौर पर अनुभवी गेंदबाजों की कमी टीम को लगातार महसूस हुई। खलील अहमद के बाहर होने के बाद तेज गेंदबाजी आक्रमण और कमजोर हो गया। अंशुल कंबोज ने शुरुआती मैचों में प्रभावित किया, लेकिन अहम मुकाबलों में काफी महंगे साबित हुए। स्पेंसर जॉनसन और गुरजपनीत सिंह भी निरंतर प्रदर्शन नहीं कर सके। स्पिन विभाग में नूर अहमद भी निरंतरता बनाए रखने में असफल रहे। गेंदबाज रन रोकने और विकेट निकालने दोनों मोर्चों पर संघर्ष करते दिखाई दिए। आईपीएल इतिहास की सबसे सफल टीमों में शामिल सीएसके के लिए यह सीजन बेहद निराशाजनक रहा। टीम पूरे टूर्नामेंट में संतुलन बनाने के लिए संघर्ष करती नजर आई। अब फैंस को उम्मीद होगी कि अगले सीजन में सीएसके मजबूत वापसी करेगी।

# धोनी को सीएसके में इस भूमिका में देखना चाहते हैं अश्विन, बोले- जब माही हैं तो किसी और की तलाश क्यों करें

चेन्नई सुपर किंग्स का सफर आईपीएल 2026 में समाप्त हो गया है। टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी पूरे सीजन में नहीं खेले। उनके आईपीएल करियर को लेकर अटकलें चल रही हैं और इसी बीच अश्विन ने उनकी भूमिका को लेकर नई बहस छेड़ दी है। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी चोट के कारण मौजूदा आईपीएल सीजन में एक भी मैच नहीं खेले। सीएसके का सफर ग्रुप चरण में ही थम गया क्योंकि टीम प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी। यह लगातार तीसरा मौका है जब चेन्नई प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी है। अब इसे लेकर चर्चा शुरू हो गई है कि क्या सीएसके को मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग से आगे बढ़ जाना चाहिए? इसे लेकर पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने भी अपनी राय रखी है और उनका मानना है कि इस पद के लिए नए व्यक्ति की तलाश उतनी मुश्किल नहीं होगी जितनी लग सकती है।




अश्विन ने एक्स पर एक पोस्ट में मजाकिया अंदाज में इशारा किया कि धोनी खुद इस जिम्मेदारी के लिए उपयुक्त व्यक्ति हो सकते हैं। इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है, क्योंकि वह फ्रेंचाइजी का चेहरा हैं। वह पूर्व कप्तान हैं जिन्होंने टीम को पांच खिताब दिलाए हैं। उन्होंने अभी तक आईपीएल से संन्यास नहीं लिया है, लेकिन मौजूदा सीजन में चोट के कारण एक भी मैच न खेल पाने की वजह से अटकलें तेज हो गई हैं। इस मामले को लेकर अश्विन ने कहा कि जब धोनी मौजूद हैं तो आप किसी और को क्यों खोज रहे हैं न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान फ्लेमिंग को 2009 में सीएसके का मुख्य कोच बनाया गया था। उन्होंने केपलर वेसेल्स से यह जिम्मेदारी ली थी। हालांकि पहले साल में वे खिताब जिताने में असफल रहे, लेकिन अगले साल उनका इंतजार खत्म हुआ और उन्होंने लगातार दो खिताब जीतकर जीत का सिलसिला शुरू किया। लेकिन उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2018–2023 के बीच रहा, जब उन्होंने छह साल के अंतराल में तीन खिताब जिताए। हाल के दिनों में सीएसके की टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रही है। जहां अन्य टीमें पावर हिटिंग और ज्यादा से ज्यादा रन बनाने पर ध्यान दे रही हैं, वहीं चेन्नई आईपीएल के शुरुआती दौर में जी रही है। क्या इसका कारण मौजूदा कोच हैं, यह एक अलग ही सवाल है। पहले राहुल त्रिपाठी, दीपक हुड्डा और डेरिल मिचेल जैसे खिलाड़ी विस्फोटक प्रारूप में ढलने के लिए संघर्ष कर रहे थे। अब कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ भी लय से बाहर नजर आ रहे हैं, जिससे टीम के शीर्ष क्रम को रन बनाने में और भी दिक्कतें आ रही हैं। गेंदबाजी में उनके पास कुछ अच्छे गेंदबाज हैं, जिनमें नूर अहमद पर्पल कैप की दौड़ में दूसरे स्थान पर रहे और अंशुल कंबोज ने भी अपनी क्षमता दिखाई। अगर चेन्नई अपने कोचिंग स्टाफ में बदलाव करने का फैसला करती है, तो अश्विन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि विश्व क्रिकेट में सबसे योग्य उम्मीदवार पहले से ही उनके डगआउट में मौजूद हैं।

# जीतकर भी हारी हैदराबाद, शीर्ष पर रहते हुए क्वालिफायर-1 में पहुंची आरसीबी


हैदराबाद ने आरसीबी को 55 रनों से हरा दिया। शुक्रवार को उप्पल स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद ने 20 ओवर में चार विकेट पर 255 रन बनाए। जवाब में आरसीबी निर्धारित ओवरों में चार विकेट पर 200 रन बना सकी। इस हार से आरसीबी को खासा नुकसान नहीं हुआ है। वह टेबल टॉपर ही हैं। आईपीएल का 19वां संस्करण धीरे-धीरे अपने चरम पर पहुंच रहा है। शुक्रवार को उप्पल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 55 रनों से हरा दिया। हालांकि, इस जीत के बावजूद टीम शीर्ष-दो में एंट्री करने में नाकाम रही और अब वह एलिमिनेटर मैच खेलेगी। वहीं, आरसीबी हार के बावजूद शीर्ष पर बरकरार रही और अब उसका सामना गुजरात टाइटंस से क्वालिफायर-1 से होगा। हैदराबाद के दिए 256 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी



आरसीबी 20 ओवर में 4 विकेट पर 200 रन बना सकी और 55 रन से मैच हार गई। आरसीबी के लिए पारी की शुरुआत करने आए वेंकटेश अय्यर ने 19 गेंदों पर 4 छक्कों और 4 चौकों की मदद से 44 रन बनाए। इसके अलावा कप्तान रजत पाटीदार ने 39 गेंदों पर 56 रन की पारी खेली। क्रुणाल पांड्या 31 गेंदों पर 41 और टिम डेविड 7 गेंदों पर 15 रन बनाकर नाबाद रहे। विराट कोहली 15 और देवदत्त पड्डिकल 21 रन बनाकर आउट हुए। एसआरएच की तरफ से ईशान मलिंगा ने 4 ओवर में 33 रन देकर दो विकेट लिए। साकिब हुसैन और ट्रेविस हेड को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद ने 4 विकेट पर 255 रन बनाए थे। एसआरएच के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने 46 गेंदों पर सर्वाधिक 79 रन की पारी खेली। किशन ने अपनी पारी में तीन छक्के और आठ चौके लगाए। इसके अलावा, अभिषेक शर्मा ने 22 गेंदों पर पांच छक्कों और चार चौकों की मदद से 56 और हेनरिक क्लासेन ने 24 गेंदों पर पांच छक्कों और दो चौकों की मदद से 51 रन बनाए। नीतीश रेड्डी ने 12 गेंदों पर नाबाद 29 रन बनाए थे। आरसीबी के लिए रसिख सलाम डार ने चार ओवर में 52 रन देकर दो विकेट लिए, जबकि सुयश शर्मा और क्रुणाल पांड्या ने एक-एक विकेट लिए थे। ईशान किशन लगातार दूसरे मैच में प्लेयर ऑफ द मैच बने। एसआरएच-आरसीबी दोनों का यह आखिरी लीग मैच था। दोनों टीमें प्लेऑफ में जगह बना चुकी हैं। आरसीबी 14 मैचों से 18 अंक लेकर बेहतर रन रेट के आधार पर पहले, गुजरात टाइटंस 14 मैचों से 18 अंक लेकर दूसरे और एसआरएच 14 मैचों से 18 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है।

# आंखों में रहती है जलन और सांस लेना भी हो रहा है मुश्किल कहीं ये गठिया की वजह से तो नहीं

रूमेटॉइड आर्थराइटिस के मरीजों को सबसे पहले जोड़ों में दर्द, सूजन और जकड़न की समस्या होती है। अगर समय रहते इस समस्या पर ध्यान न दिया जाए तो इसका आपकी आंखों और फेफड़ों पर भी असर हो सकता है। गठिया की समस्या काफी आम है। पहले ये उम्र बढ़ने के साथ होने वाली दिक्कत मानी जाती थी हालांकि अब कम्र उम्र वाले, युवाओं में भी ये परेशानी तेजी से बढ़ती जा रही है। लाइफस्टाइल की दिक्कतों ने इस खतरे को और भी बढ़ा दिया है। लिहाजा प्रभावित लोगों के जोड़ों में दर्द और जकड़न की समस्या होती है और चलना-उठना तक मुश्किल हो जाता है। गठिया का नाम सुनते ही सबसे पहले पैर के जोड़ों में दर्द से कराहते व्यक्ति की तस्वीर आंखों में आती है, पर क्या आप जानते हैं कि गठिया की समस्या आपकी आंखों और फेफड़ों को भी गंभीर रूप से प्रभावित करने वाली हो सकती है? जी हां, गठिया की समस्या के एक प्रकार जिसे रूमेटॉइड आर्थराइटिस कहा जाता



है उसके शिकार लोगों को आंखों और फेफड़ों से संबंधित गंभीर समस्याओं का भी खतरा रहता है। हालांकि सवाल ये है कि पैरों और जोड़ों में होने वाली दिक्क्त आंखों और फेफड़ों तक कैसे पहुंच जाती है? कब आपको अलर्ट हो जाना चाहिए? आइए इन सबके बारे में विस्तार से जान लेते हैं। रूमेटॉइड आर्थराइटिस (आरए) केवल जोड़ों में होने वाले दर्द की समस्या भर नहीं है, ये एक ऑटोइम्यून बीमारी है। जिसका मतलब है कि शरीर का इम्यून सिस्टम गलती से जोड़ों की स्वस्थ कोशिकाओं पर अटैक कर देता है, इस वजह से गठिया की समस्या होती है। सामान्य आर्थराइटिस की तरह आरए में भी जोड़ों में दर्द, सूजन और अकड़न बनी रहती है। अगर समय रहते इसका इलाज न किया जाए तो यह बीमारी धीरे-धीरे शरीर के दूसरे अंगों को भी प्रभावित कर सकती है। शुरुआत में रूमेटॉइड आर्थराइटिस के कारण हाथों, उंगलियों, घुटनों में दर्द और सूजन महसूस होती है। मय के साथ यह समस्या आंखों, फेफड़ों, दिल और नसों तक को नुकसान पहुंचा सकती है। मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि रूमेटॉइड आर्थराइटिस का आंखों पर भी असर हो सकता है। शरीर में बनी रहने वाली लगातार सूजन के कारण ये दिक्कत होती है। मरीजों में ड्राई आई सिंड्रोम की दिक्कत सबसे ज्यादा देखी जाती है। इसके कारण आंखों जलन, खुजली और लालिमा होने का जोखिम रहता है रूमेटॉइड आर्थराइटिस की स्थिति आंखों के सफेद भाग स्क्लेरा कॉर्निया को भी प्रभावित कर सकता है। नेशनल आई इंस्टीट्यूट के अनुसार रूमेटॉइड आर्थराइटिस के कारण लंबे समय तक बने रहने वाले इंफ्लामेशन की स्थिति आंखों की नसों और कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने लगती है। रूमेटॉइड आर्थराइटिस के शिकार लगभग 90% लोगों को ड्राई आइज का खतरा रहता है। रूमेटॉइड आर्थराइटिस आंखों के अलावा आपके फेफड़ों पर भी असर डालता है। रूमेटॉइड अर्थराइटिस के कारण शरीर में होने वाली सूजन की प्रक्रिया फेफड़ों की समस्याओं जैसे पल्मोनरी नोड्यूल्स (फेफड़ों में छोटी गांठें), प्लूरल इफ्यूजन (फेफड़े और छाती की दीवार के बीच तरल पदार्थ का जमाव), ब्रोंकिएक्टेसिस (सांस की नलियों को नुकसान) का खतरा हो सकता है। अध्ययनों के अनुसार शरीर में बनी रहने वाली सूजन श्वसन तंत्र के विभिन्न हिस्सों को प्रभावित कर सकती है। फेफड़ों से जुड़ी जटिलताएं रूमेटॉइड आर्थराइटिस में काफी आम हैं। यही कारण है कि विशेषज्ञ रूमेटॉइड आर्थराइटिस वाले मरीजों को फेफड़ों की जांच कराते रहने की भी सलाह देते हैं।

# इबोला से बचाव के लिए आइसोलेशन और समय पर इलाज जरूरी

भारत सरकार के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने इबोला वायरस को लेकर एक जरूरी स्वास्थ्य एडवाइजरी जारी की है। इसके अंतर्गत कुछ देशों के आने वाले लोगों को अपने स्वास्थ्य का खास ध्यान रखना पड़ेगा। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने इबोला वायरस को लेकर एक अहम स्वास्थ्य एडवाइजरी जारी की है। यह एडवाइजरी विशेष रूप से उन यात्रियों के लिए है जो डीआर कांगो, युगांडा और दक्षिण सूडान जैसे उच्च जोखिम वाले देशों से भारत आ रहे हैं या वहां से होकर यात्रा कर चुके हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि इबोला एक गंभीर और जानलेवा वायरल संक्रमण है, जो संक्रमित व्यक्ति के शारीरिक द्रवों के सीधे संपर्क से फैल सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट और स्वास्थ्य एजेंसियों को सतर्क रहने और विशेष स्क्रीनिंग प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिए गए हैं स्वास्थ्य विभाग ने यात्रियों से अपील की है कि वे किसी भी तरह के लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सा सहायता लें और अपनी ट्रैवल हिस्ट्री साझा करें, ताकि संक्रमण को समय रहते रोका जा सके। बहुत से लोगों को अभी भी ये जानकारी नहीं है कि आखिर ये वायरस है क्यो तो इस लेख को आखिर तक पढ़ें। इबोला वायरस संक्रमण के शुरुआती लक्षण सामान्य वायरल बुखार जैसे ही दिखते हैं, जिससे कई बार लोग इसे गंभीरता से नहीं लेते। इसमें तेज बुखार, अत्यधिक कमजोरी और थकान, सिरदर्द और मांसपेशियों में दर्द शामिल होते हैं। धीरे-धीरे स्थिति बिगड़ने पर गले में खराश, उल्टी और दस्त जैसी समस्याएं शुरू हो सकती हैं। कुछ गंभीर मामलों में शरीर से असामान्य रक्तस्राव भी देखा जाता है, जैसे नाक, मसूड़ों या शरीर के अंदरूनी हिस्सों से खून आना। यही कारण है कि शुरुआती पहचान बहुत जरूरी मानी जाती है। इबोला मुख्य रूप से संक्रमित व्यक्ति के शारीरिक द्रवों के सीधे संपर्क से फैलता है। इसमें खून, पसीना, उल्टी, लार, मल और अन्य शरीर के तरल पदार्थ शामिल हैं। यदि कोई व्यक्ति इन संक्रमित द्रवों के संपर्क में आता है, तो उसे संक्रमण होने का खतरा बढ़ जाता है। यह बीमारी हवा के माध्यम से नहीं फैलती, लेकिन संक्रमित मरीज की देखभाल करते समय सावधानी न बरतने पर इसका खतरा काफी बढ़ जाता है। इसलिए स्वास्थ्य कर्मियों और यात्रियों को विशेष सतर्कता रखने की जरूरत होती है। यदि किसी व्यक्ति ने हाल ही में ऐसे क्षेत्र की यात्रा की है जहां इबोला के मामले पाए गए हैं, और 21 दिनों के भीतर उसे बुखार, कमजोरी, उल्टी, दस्त या असामान्य रक्तस्राव जैसे लक्षण दिखाई देते हैं, तो उसे तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। यात्रा इतिहास बताना बहुत जरूरी है ताकि सही जांच और उपचार समय पर शुरू किया जा सके। देरी करने से स्थिति गंभीर हो सकती है और संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ सकता है। इबोला एक गंभीर और कई मामलों में जानलेवा बीमारी है। यदि समय पर इलाज और देखभाल न मिले तो यह शरीर के कई अंगों को प्रभावित कर सकती है और मृत्यु का कारण बन सकती है। हालांकि सही समय पर पहचान, आइसोलेशन और चिकित्सा सहायता मिलने पर मरीज के बचने की संभावना बढ़ जाती है।

# रोजमर्रा की ये 6 आदतें जो धीरे-धीरे आपके पाचन तंत्र को खराब कर रही हैं

हमारा पाचन तंत्र हमारे द्वारा की गई कुछ गलतियों की वजह से ही खराब रहता है। यहां हम आपको इसके बारे में बताएंगे। पाचन तंत्र हमारे शरीर का एक ऐसा सिस्टम है जो हमारे द्वारा खाए गए भोजन को ऊर्जा और पोषक तत्वों में बदलकर पूरे शरीर को स्वस्थ रखता है। लेकिन आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और गलत खानपान की आदतों की वजह से यह सिस्टम तेजी से प्रभावित हो रहा है। लोग अक्सर बिना सोचे-समझे ऐसी गलतियां कर देते हैं, जो धीरे-धीरे पेट की गंभीर समस्याओं का कारण बन जाती हैं। शुरुआत में ये समस्याएं मामूली लगती हैं, लेकिन समय के साथ ये गैस, एसिडिटी, कब्ज और जैसी बीमारियों में बदल सकती हैं। इसलिए यह जानना बहुत जरूरी है कि हमारी रोजमर्रा की कौन-सी गलतियां हमारे गट हेल्थ को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा रही हैं।

## आधी रात में खाना

रात 9 बजे के बाद शरीर का मेटाबॉलिज्म धीरे-धीरे कम होने लगता है क्योंकि शरीर आराम की स्थिति में जाने लगता है। ऐसे में देर से खाया गया खाना सही तरीके से पच नहीं पाता और पेट में लंबे समय तक पड़ा रहता है। इससे फर्मेंटेशन शुरू हो जाता है, जिसमें गैस बनती है और पेट फूलने लगता है। इसके अलावा एसिड रिफ्लक्स, सीने में जलन और भारीपन जैसी समस्याएं भी बढ़ सकती हैं। लगातार यह आदत बनी रहे तो वजन बढ़ने और नींद खराब होने का भी खतरा रहता है।

## खाना छोड़ना

जब हम समय पर खाना नहीं खाते या बार-बार मील स्किप करते हैं, तो शरीर का पाचन तंत्र असंतुलित हो जाता है। पेट में एसिड तो बनता रहता है लेकिन खाना न मिलने से वह पेट की लाइनिंग को नुकसान पहुंचा सकता है। इससे पेट में ऐंठन, गैस, ब्लोटिंग और पाचन संबंधी समस्याएं बढ़ती हैं। लंबे समय तक यह आदत (इरिटेबल बॉवेल सिंड्रोम) जैसी गंभीर स्थिति का कारण बन सकती है, जिसमें पेट दर्द और मल त्याग की अनियमितता होती है। चिप्स, बिस्कुट, नूडल्स और फास्ट फूड जैसे खाद्य पदार्थों में पोषण बहुत कम और केमिकल प्रिजर्वेटिव ज्यादा होते हैं। ये आंतों के अच्छे बैक्टीरिया उको नुकसान पहुंचाते हैं, जो पाचन के लिए बहुत जरूरी होते हैं। लगातार ऐसे भोजन से शरीर में सूजन बढ़ सकती है, पाचन कमजोर हो सकता है और इम्युनिटी भी कम हो सकती है। लंबे समय में यह मोटापा और मेटाबॉलिक डिजीज का कारण बन सकता है। पानी शरीर के पाचन तंत्र को सुचारू रूप से चलाने में अहम भूमिका निभाता है। जब शरीर में पानी की कमी होती है तो आंतों में सूखापन आ जाता है और मल सख्त हो जाता है। इससे कब्ज की समस्या बढ़ती है। लगातार ऐसा होने पर फिशर और बवासीर जैसी दर्दनाक समस्याएं भी हो सकती हैं।

# इंदौर गुलाब बाग गोलीकांड, पुलिस टीमें भिंड और शिवपुरी रवाना : हत्या के एक दिन पहले ही इंदौर आए थे पांच हत्यारे, पुलिस ने डीवीआर जब्त किया

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इंदौर।** इंदौर के लसूड़िया थाना क्षेत्र स्थित गुलाब बाग कॉलोनी में गुरुवार रात बदले की आग में एक खूनी गैंगवार सामने आई। बदमाशों ने अवितेंद्र पुत्र अटल सिंह तोमर निवासी अग्रवाल नगर की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक हत्या को अंजाम गुलशन यादव, गौरव जाट उर्फ डिल्लू और उनके अन्य साथियों ने दिया। वारदात को 2024 में हुए विष्णु यादव हत्याकांड का बदला बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार अवितेंद्र अपनी क्रेटा कार में दो साथियों के साथ बैठा था, तभी दो बाइक पर सवार पांच बदमाश वहां पहुंचे और दूर से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। गोलीबारी में अवितेंद्र को दो गोलियां लगीं, जबकि दो अन्य गोलियां पास खड़ी कारों में जा लगीं। हमलावर राइफल जैसे हथियार से फायरिंग कर मौके से फरार हो गए। अवितेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई।

**एक दिन पहले इंदौर पहुंचे हमलावर कर रहे थे रेकी**

लसूड़िया पुलिस ने बताया कि अवितेंद्र के खिलाफ भिंड सहित कई थानों में दो दर्जन से अधिक गंभीर अपराध दर्ज थे। वह अवैध रेत कारोबार से भी जुड़ा




हुआ था। पुलिस जांच में सामने आया है कि हमलावर एक दिन पहले ही इंदौर पहुंच गए थे और लगातार अवितेंद्र की रेकी कर रहे थे। सीसीटीवी फुटेज में एक आरोपी सुबह से उसकी गतिविधियों पर नजर रखते दिखाई दिया है।

**2024 से दोनों पक्षों के बीच तनाव बना हुआ था**

जानकारी के मुताबिक नवंबर 2024 में हुए विष्णु यादव हत्याकांड में अवितेंद्र भी आरोपी था। उस मामले में विष्णु यादव की हत्या के बाद से दोनों पक्षों के बीच तनाव बना हुआ था। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच समझौते की बातचीत भी चल रही थी, लेकिन गुलशन यादव अपने भाई विष्णु की हत्या का बदला लेने की कसम खा चुका था। इसी रंजिश के चलते इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया।

**आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें भिंड और शिवपुरी रवाना**

पुलिस ने वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर जब्त कर ली है। फुटेज में रेकी करने वाला आरोपी और बाइक सवार अन्य चार बदमाश आते-जाते दिखाई दिए हैं। आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें भिंड और शिवपुरी रवाना की गई हैं। पुलिस को आशंका है कि आरोपी जल्द सरेंडर कर सकते हैं।

**जाट डालता था अपराधों की स्टोरी**


पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी गौरव जाट, गुलशन यादव और डिल्लू पर पहले से कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। गौरव जाट सोशल मीडिया पर हथियारों और अपने अपराधों की अखबारी कटिंग के स्टेटस लगाकर दहशत फैलाने की कोशिश करता था। डिल्लू के खिलाफ भी हत्या और अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज बताए जा रहे हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# इंदौर में गर्मी के तेवर हुए नरम : नौतपा में भी भीषण गर्मी से राहत का अनुमान

## तापमान 40-41 डिग्री सेल्सियस तक रहने के आसार

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इंदौर।** प्रदेश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी का दौर चल रहा है, वहीं इंदौर में तीन दिनों में पहले की तुलना में गर्मी से राहत है। इन दिनों तापमान 40-41 डिग्री सेल्सियस के करीब ही रिकॉर्ड हो रहा है। रात का तापमान दो दिनों से 27 डिग्री के करीब है जो सामान्य से 2 डिग्री ज्यादा है। शनिवार सुबह से मौसम साफ है और गर्मी का असर कम है। वैसे 12 से 4 बजे के बीच तेज धूप के कारण आवाजाही पर इसका असर है। 25 मई से नौतपा की शुरुआत होने जा रही है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक इस बार पिछले वर्ष की तुलना में नौतपा के दौरान गर्मी का असर अपेक्षाकृत कम रहने की संभावना है। हालांकि राहत की बात यह नहीं है, क्योंकि फिलहाल बारिश के कोई खास संकेत भी नजर नहीं आ रहे हैं।



**इस बार मई में बारिश नहीं, पिछली बार 8 इंच हुई**

पिछले साल मई में करीब 8 इंच बारिश दर्ज की गई थी, जबकि इस बार अब तक एक बूंद भी बारिश नहीं हुई है। मौसम में बदलाव लाने वाली प्री-मानसून गतिविधियां सामान्यतः 20 मई के बाद सक्रिय होने लगती हैं, लेकिन इस वर्ष ऐसा कोई प्रभावी सिस्टम नहीं है। इसी वजह से 8 मई से लगातार तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री अधिक रहा।

**अधिकतम तापमान 39 से 41 डिग्री के बीच रहेगा**

मौसम विभाग के अनुसार इस बार नौतपा के दौरान तापमान 43 से 44 डिग्री तक पहुंचने की संभावना कम है। अनुमान है कि इंदौर में अधिकतम तापमान 39 से 41 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहेगा। इससे भीषण लू जैसी स्थिति से कुछ राहत मिल सकती है। बारिश के मौसम का आधिकारिक आगमन 1 जून से माना जाता है। सामान्य तौर पर मई के अंतिम सप्ताह में कहीं-कहीं हल्की प्री-मानसून बारिश शुरू हो जाती है, लेकिन इस बार पूरा मई लगभग सूखा गुजरने की संभावना है। 5 जून के बाद बादलों की आवाजाही बढ़ सकती है और इसके साथ ही बारिश की गतिविधियां शुरू होने के संकेत मिल रहे हैं।

# पीडब्ल्यूडी की एक और बड़ी लापरवाही जेड के बाद अब लंगड़ा ब्रिज

## पूरा होने के बाद पता चला डिजाइन गड़बड़, दो पिलर और बनाना पड़ेंगे

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इंदौर।** डबल जेड आकार का ब्रिज बनाने के बाद लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की एक और बड़ी लापरवाही सामने आई है। राजेंद्र नगर क्षेत्र में रेती मंडी ब्रिज का लगभग पूरा निर्माण हो जाने के बाद इसकी डिजाइन में बड़ी खामी पकड़ में आई है। अक्टूबर 2023 से बन रहे इस ब्रिज पर रंगाई-पुताई तक हो चुका था, लेकिन अब पता चला है कि ब्रिज में दो जरूरी पियर (सहारा देने वाले खंभे) बनाए ही नहीं गए। भोपाल के मैनिट से स्ट्रक्चरल ऑडिट होने के बाद इस फ्लायओवर के नीचे दोबारा 20 फीट गहरी खुदाई कर नए पियर खड़े किए जा रहे हैं, जिससे मार्च में खुलने वाला ब्रिज करीब 5 महीने पिछड़ गया है।मामला जनवरी में तब सामने आया जब एबी रोड की भुजाओं को रेलवे वाली भुजा से जोड़ने वाले हिस्से



पर स्लैब डालने की तैयारी चल रही थी।लोक निर्माण विभाग ने मैनिट से स्ट्रक्चरल ऑडिट करवाया। टीम ने पाया कि टी-जंक्शन वाले मोड़ पर पूरे फ्लायओवर का भार एक पियर पर आ रहा है। रिपोर्ट में इसे गंभीर डिजाइन खामी बताते हुए वहां दो अतिरिक्त पियर बनाने की सिफारिश की गई। इसके बाद विभाग ने ठेकेदार को नए पियर बनाने के निर्देश दिए। पिछले दिनों पहले पियर के लिए 20 फीट गहरी खुदाई की गई और शुक्रवार से उसमें कांक्रीट का काम शुरू हुआ। इसके बाद दूसरे पियर का निर्माण होगा। विडंबना यह है कि ब्रिज के ऊपर तक कांक्रीट का काम पूरा हो चुका है और फरवरी अंत तक एबी रोड वाली भुजा पर ट्रैफिक शुरू करने की तैयारी थी।

**50 हजार लोग रोज भुगत रहे खामियाजा**

फरवरी अंत तक एबी रोड वाली भुजा पर ट्रैफिक शुरू करने की तैयारी थी, लेकिन अब पहले से 3 महीने रुके हुए इस प्रोजेक्ट के और लेट होने की आशंका है। इस लापरवाही का सीधा असर राजेंद्र नगर क्षेत्र की 2 लाख आबादी पर पड़ रहा है। यहां से रोज गुजरने वाले 50 हजार लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है और क्षेत्र में व्यापार भी प्रभावित हो रहा है।

राजेंद्र नगर तरफ रेलवे स्पान से जुड़े हिस्से का काम शुरू होने में 15 से 20 दिन लगेंगे

रेलवे पटरी के ऊपर बनने वाला स्पान रेलवे द्वारा पूरा किया जा चुका है और पटरी से सटे एबी रोड की तरफ वाला हिस्सा भी लगभग तैयार है। लेकनि राजेंद्र नगर तरफ रेलवे स्पान से जुड़ा हिस्से का काम शुरू होने में 15 से 20 दिन का समय लगेगा। नए पियर की फाउंडेशन और पिलर वाला हिस्सा बनने के बाद पियर कैप बनाई जाएगी।

# घर के बाहर फेंका गंदा पानी, मना करने पर पीटा : महिला के साथ भी की गाली-गलौज




संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इंदौर।** थाना तेजाजी नगर इलाके में मारपीट की दो घटनाएं सामने आई हैं। पहली घटना में घर के बाहर गंदा पानी फेंकने पर झगड़ा हुआ, इसमें युवक को डंडे से पीटा और उसकी पत्नी के साथ गाली-गलौज की। दूसरी घटना में बाइक टकराने पर युवक की डंडे से पिटाई कर दी। तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक पहला मामला जोशी कॉलोनी का है। रामभरोसे पिता शिवप्रसाद मालवीय निवासी जोशी कॉलोनी की शिकायत पर भूरा सिंह चौहान के खिलाफ केस दर्ज किया। शुक्रवार को फरियादी ने अपने घर के बाहर की सफाई की थी। तभी सामने रहने वाले भूरा सिंह ने गंदा पानी उसके घर के बाहर फेंक दिया, इस पर उनका झगड़ा हो गया और भूरा सिंह ने फरियादी को डंडे से पीट दिया। बीच-बचाव करने फरियादी की पत्नी आई तो उसे भी गालियां दीं।

**सिर और पैर में चोट आई**

दूसरा मामला असरावद खुर्द हनुमान टेकरी का है। पुलिस के मुताबिक जितेंद्र पिता भैरू सिंह जिराती निवासी ग्राम असरावद खुर्द की शिकायत पर नरसिंह बेला के खिलाफ केस दर्ज किया है। दोनों का बाइक टकराने की बात पर झगड़ा हुआ था। इस पर नरसिंह ने फरियादी को डंडे से पीट दिया, फरियादी के सिर और पैर में चोट आई।

# देवास पटाखा फैक्ट्री हादसे में दो और मौत मृतकों की संख्या 8 पहुंची; एमवाय अस्पताल में भर्ती मरीजों ने तोड़ा दम

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इंदौर।** देवास जिले के टोंककला में 14 मई को हुए पटाखा फैक्टरी हादसे में झुलसे अजय और निरंजन ने भी दम तोड़ दिया। शुक्रवार रात इलाज के दौरान दोनों घायलों की मौत हो गई। इसके साथ ही हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 8 हो गई है। फैक्ट्री विस्फोट के बाद से दोनों का उपचार में चल रहा था। बर्न यूनिट में दोनों मरीजों की हालत अभी बेहद गंभीर बनी हुई थी। दोनों बिहार के रहने वाले थे। वहीं इंदौर के एमवाय अस्पताल में एडमिट एक मरीज की सोमवार रात मौत हो गई थी। सोमवार को जिस मरीज की मौत हुई थी उसका नाम राम (20) पिता मुकेश कुमार था। वहीं हादसे में घायल विशाल (25) को सिर में गंभीर चोट आने के बाद न्यूरो सर्जरी वार्ड में एडमिट है। धमाके के दौरान विशाल दूर जाकर गिर पड़ा था, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और खून का थक्का जम गया। विशाल की स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है। विशाल को आज दोपहर 1 बजे बाद डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। बर्न यूनिट में संक्रमण की आशंका को देखते हुए पांच नर्सिंग कर्मचारियों की शिफ्ट वाइज 24 घंटे की ड्यूटी लगाई गई है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि मरीजों की देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जा रही है। उधर, चोइथराम हॉस्पिटल में एडमिट चार मरीजों में से तीन को सोमवार को डिस्चार्ज कर दिया गया। अभी यहां एक मरीज एडमिट है। उसकी हालत ठीक है। उसे बुधवार को डिस्चार्ज किया जाएगा। देवास जिले के टोंककलां इलाके में गुरुवार सुबह करीब 11:30 बजे पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाका हुआ। हादसे में 20 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। मृत मजदूर उत्तर प्रदेश, बिहार के थे। शुरुआत में धीरज, सनी और सुमित की मौत की जानकारी सामने आई थी। गुरुवार देर रात अमलतास अस्पताल में इलाजरत दो मजदूर अमर और गुड्डू ने भी दम तोड़ दिया। इसके बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 5 हो गई। अब राम की मौत सहित मृतकों की संख्या छह हो गई है। ब्लास्ट इतना तेज था कि शवों के टुकड़े 20 से 25 फीट दूर तक जा गिरे। फैक्ट्री की दीवारें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं और आसपास के मकान तक हिल गए। हादसे के बाद झुलसे मजदूर बदहवास हालत में बाहर निकलते दिखे।

# इंदौर निगम कमिश्नर का बड़ा एक्शन : वित्तीय क्षति पहुंचाने के मामले में सहायक राजस्व निरीक्षक की सेवा की समाप्त

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इंदौर।**निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी (मूलपद - सहायक राजस्व निरीक्षक) अरविंद नायक को तत्काल प्रभाव से निगम सेवा से बर्खास्त कर दिया है। विभागीय जांच में नायक पर लगे आरोप सही पाए गए। आरोपों के संबंध में नायक से स्पष्टीकरण भी मांगा था, लेकिन वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इसके चलते म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 10 के प्रावधानतर्गत दीर्घशास्ति अधिरोपित करते हुए अरविन्द नायक को तत्काल प्रभाव से निगम सेवा से बर्खास्त किया गया। अरविंद नायक ने अपनी ड्यूटी के दौरान ग्राम बिचौली मर्दाना स्थित सम्पत्तिकर खाता कमांक 1001346534 में किए गए संशोधन के संबंध में प्राप्त शिकायत पर अपर आयुक्त (राजस्व) नगर पालिक निगम, इन्दौर के स्तर से प्रेषित जांच प्रतिवेदन में उक्त सम्पत्ति कर



खाता क्रमांक 1001346534 अग्रवाल पब्लिक स्कूल (लर्न बाय अग्रवाल चेरिटेबल ट्रस्ट) निगम रिकार्ड अनुसार जोन कमांक 19 वार्ड क्रमांक 76 में वर्ष 2014-15 से दर्ज होकर ये सम्पत्तिकर खाता ई-नगर पालिका पोर्टल पर 23 अगस्त 2025 की स्थिति में आवासीय / व्यवसायीक/होस्टल- कुल क्षेत्रफल 577006 वर्गफीट होकर कुल मांग 3,19,79,612 /- दर्ज होना पाई गई। खुद की यूजर आईडी का किया इस्तेमाल, निगम को पहुंचा वित्तीय क्षति ई-नगर पालिका पोर्टल पर संपत्तिकर खाता कमांक 1001346534 में आवासीय / व्यवसायीक-कुल क्षेत्रफल 315525 वर्गफीट की कुल संचयी मांग 1,82,88,053/- दर्ज होकर उक्त खाते में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी, नायक ने अपनी यूज़र आई.डी. से बिना सक्षम स्वीकृति लिए संशोधन करते हुए, निगम को वित्तीय क्षति पहुंचाई थी। इसके लिए इन्हें निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दिए थे। विभागीय जांच में अरविंद नायक पर आरोप सिद्ध पाए गए।

# इंदौर में युवक की संदिग्ध मौत : पुलिस जुटी जांच में, दोस्तों से मिलने का बोलकर निकला था

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इंदौर।** इंदौर के एरोड्रम थाना क्षेत्र के एक युवक की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। वह घर पर दोस्तों से मिलने जाने का बोलकर निकला था। इधर, घटना को लेकर परिजन ने भी शंका जाहिर की है। वहीं पुलिस पूरे मामले की पड़ताल में जुटी है। एरोड्रम पुलिस के मुताबिक सुविधि नगर निवासी रोहित (32) पिता लालराम बरबेले की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि रोहित कल रात को पत्नी को बोलकर गया था वह होटल शुभ पैलेस में अपने दोस्तों से मिलने जा रहा है। जिसके बाद वह चला गया था। रात में पत्नी निकिता को फोन आया कि रोहित की हालत गंभीर है उसे एमवाय अस्पताल लेकर आए है। घटना की जानकारी एरोड्रम पुलिस को भी मिली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शनिवार को उसका पीएम करवाया। इधर, घटना को लेकर परिजन ने शंका जाहिर की है, उनका आरोप है कि उसके साथ मारपीट की गई है, क्योंकि उसके शरीर पर चोंट के निशान है। इधर, घटना के बाद से उसके दोस्त भी गायब है। मामले में एरोड्रम टीआई वेदेंद्र सिंह कुशवाह ने बताया कि फिलहाल मामला संदिग्ध है। मामले की जांच जारी है। पूरी जांच होने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। मामले में एडिशनल डीसीपी प्रियंका डूडवे ने बताया कि युवक की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सुनील कुमार यादव के लिए पंकज प्रिंटर एंड पैकेजिंग, 16-ए अल्फा इंडस्ट्रियल पार्क, ग्राम जाख्या, सांवेर रोड, इंदौर (म.प्र.) पिन-453555 - बी, सूर्यदेव नगर इंदौर कैट रोड हवा बंगला से प्रकाशित। प्रबंध सम्पादक : सुनील कुमार यादव (9630413449)
सम्पादक : भारत प्रसाद यादव, **Email : dainiksanyuktlaher@gmail.com** समाचार चयन के लिए पीआर एक्ट के तहत जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ) **RNI No. MPHIN/2023/90392**